सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
03.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 173 | 12



फिल्म देवा का फर्स्ट पोस्टर हुआ रिलीज

### न्यूज डायरी

**कैमरून से सभी श्रमिक सुरक्षित लौटे**

**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो रही है। इस क्रम में गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक शुक्रवार की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां फंसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिक 29 दिसंबर लौटे थे। गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं।

**नये साल में कैबिनेट की पहली बैठक 7 को**

**रांची।** हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 7 जनवरी को बुलायी गयी है। नये साल की यह पहली बैठक अपराह्न 4 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह जानकारी दी है। सीएम की अध्यक्षता में होनेवाली साल की पहली कैबिनेट में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं। 24 दिसंबर 2024 को हुई कैबिनेट की पिछली बैठक हेमंत सोरेन ने सरकारी कर्मचारियों को डीए में वृद्धि का बड़ा तोहफा दिया था।

**गिरिडीह : सड़क हादसों में दो युवकों की मौत**

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गयी। पहली घटना ईसरी बाजार में कलाली रोड के समीप हुई, जहां सरिया लदे ट्रेलर ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे इसरी बाजार के चीकू पंडित (30) की मौत हो गयी। वहीं डुमरी में अज्ञात गाड़ी के टक्कर से बाइक चालक पीयूष महतो (19) की मौत हो गयी।

**पुआल गांज में लगी आग, एक की मौत**

**लोहरदगा।** कुडू थानाक्षेत्र के जामुनटोला गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। जब ठंड से बचाव को लेकर पुआल से बने कुंबा में सो रहें अधेड़ की पुआल गांज में आग लगने के बाद झुलसने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 91000 रु./प्रति किलो |




## गुकेश, मनु भाकर, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न पुरस्कार

# झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड

### 17 को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली, रांची।** शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश, महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह और एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। वहीं झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे समेत 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड देने की घोषणा की गयी। इन एथलीटों को 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार हर चार साल में खेल में उत्कृष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा कर दी। 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न और 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड के लिए चुना गया। सरकार ने समितियों की सिफारिश पर इसकी घोषणा की। प्रशिक्षक के तौर पर खेलों में अपना योगदान देने वालों को गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार की घोषणा भी की गयी है।





**भाकर और गुकेश ने रचा है इतिहास :** उल्लेखनीय है कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक्स में निशानेबाजी की दो अलग-अलग स्पर्धा में दो पदक जीतकर इतिहास रचा था। पेरिस खेलों में ही हरमनप्रीत सिंह ने अपनी कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। डी गुकेश हाल ही में शतरंज के इतिहास के सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन बनने का इतिहास रचा। गुकेश ने महज 18 वर्ष की उम्र में विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया था।

(शेष पेज 11 पर)



### सलीमा राज्य की पहली महिला खिलाड़ी

झारखंड की स्टार महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को मई 2024 में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान बनाया गया था। अर्जुन पुरस्कार के लिए चयनित होने पर उन्हें बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। झारखंड के सिमडेगा निवासी सलीमा टेटे का पैतृक गांव बड़की छापर है। उनके पिता का नाम सुलक्षण टेटे है, वो भी स्थानीय स्तर पर हॉकी खेलते रहे हैं। काफी संघर्षों के बाद सलीमा ने सिमडेगा से भारतीय हॉकी टीम तक सफर तय किया है। उनके इस संघर्ष में उनके परिवार वालों खूब साथ दिया। इसी के बदौलत आज वो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रही हैं।

**झारखंड गौरवान्वित : भोला सिंह:** अर्जुन अवार्ड के लिए सलीमा टेटे के नाम की घोषणा से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सलीमा टेटे को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अर्जुन अवार्ड मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। इससे पहले माइकल किंडो को अर्जुन अवार्ड मिला था। उन्होंने कहा कि सलीमा झारखंड की पहली बेटी है। (शेष पेज 11 पर)

## खुशखबरी : मंईयां सम्मान योजना इस माह दो किस्त में सीएम देंगे 5000

# छह को 56 लाख लाभुकों के खाते में 1400 करोड़ जायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छह जनवरी को एकमुश्त 56 लाख महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500-2500 रुपये (कुल 1400 करोड़) ट्रांसफर करेंगे। दिसंबर और जनवरी माह की किस्त के रूप में लाभुकों को 2500 की जगह 5000 रुपये मिलेंगे, पर यह राशि दो किस्त में जारी होगी। दिसंबर माह की किस्त जारी करने के लिए 6 को नामकुम के खोजाटोली में मंईयां सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। वहीं जनवरी माह की किस्त 11 जनवरी को पूर्व प्रस्तावित शेड्यूल के तहत जारी होगी। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के विश्वस्त सूत्रों ने यह जानकारी दी है। 5वीं किस्त के तहत मिलने वाले 2500 रुपये कुछ महिलाओं के खाते में यह राशि पहुंच भी गयी है, लेकिन इनकी संख्या बहुत कम है।



दरअसल, 28 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों के बीच 2,500 रुपये की पहली किस्त जारी की जानी थी। इसके लिए नामकुम में कार्यक्रम की तैयारी की गयी थी, लेकिन पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के कारण राजकीय शोक घोषित किये जाने की वजह से कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। अब 6 जनवरी को नामकुम के खोजाटोली मैदान से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस योजना की हर लाभुक के खाते में 2500 रुपए ट्रांसफर करेंगे। 26 और 27 दिसंबर को टेस्ट के तौर पर हर जिले की कुछ महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गयी थी।

**मुख्यमंत्री ने की थी समीक्षा बैठक :** मंईयां सम्मान योजना की बढ़ी हुई राशि के वितरण की तैयारी जोर-शोर से चल रही थी। सीएम ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कई निर्देश भी दिये थे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने नामकुम स्थित खोजाटोली मैदान में जाकर तैयारियों का जायजा लिया था। (शेष पेज 11 पर)

> दिसंबर माह की किस्त जारी करने के लिए 6 को नामकुम के खोजाटोली में मंईयां सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

# रांची सदर सीओ घूस लेते गिरफ्तार

## एसीबी की टीम ने घर से लाखों रुपये बरामद किये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नये साल के दूसरे दिन एसीबी की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुवार को रांची सदर सीओ मुंशी राम को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने उनके कार्यालय से ही उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की गयी, जिसमें 11 लाख 42 हजार रुपए बरामद किये गये। एसीबी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर डीजीपी एवं एसीबी के प्रभारी डीजी अनुराग गुप्ता ने दी। गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है। डीजीपी ने बताया कि खाता संख्या-150 खेसरा संख्या -415 बी मौजा सिरम टोली चुटिया थाना नंबर-210 शहर अंचल कुल रकबा 3 कळा 08 छटाक जमीन अपर चुटिया, सरदार गली में है। उस जमीन का सीमांकन कराने के लिए सीओ मुंशी राम ने दो बार फीस भी ली लेकिन सीमांकन नहीं कराया। इसी दौरान बीते 27 दिसंबर को मुंशी राम ने फोन कर वादी के सिरम टोली चौक बुलाया। (शेष पेज 11 पर)



9वीं पुण्य तिथि
03/01/2025
नैनं छिद्रन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुत॥



युगल किशोर सिंह
वरीय अधिवक्ता, नावाटोली, डाल्टनगंज
जन्म तिथि : 16/06/1937
पुण्य तिथि : 03/01/2016
शोकाकुल
समस्त परिवार

# ठंढ से ठिठुर रहा झारखंड, कांके का पारा 4.4 डिग्री, शीघ्र राहत नहीं

### राज्य के 15 जिलों का पारा 10 डिग्री से नीचे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूरे झारखंड में शीतलहर चल रही है। राजधानी रांची में सबसे ठंडी जगह कांके रहा। न्यूनतम पारा गिर कर 4.4 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके में स्थापित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के अनुसार कांके में गुरुवार का न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेंटीग्रेड रहा। वहीं उच्चतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, तीन जनवरी को सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहेगा, लेकिन बाद में आसमान साफ हो जायेगा। गुमला न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया है। विभाग के अनुसार राज्य के 15 जिलों का पारा 10 डिग्री से नीचे चल रहा है।



**तीन दिनों 8.3 डिग्री गिरा पारा :** राज्य में पिछले तीन दिनों में तापमान में 8.3 डिग्री सेंटीग्रेट गिरावट आई है। राजधानी रांची में 31 दिसंबर 2024 को पारा में 4.9 डिग्री गिरावट दर्ज की गई थी। एक जनवरी को 1.4 डिग्री सेंटीग्रेड और दो जनवरी को दो डिग्री सेंटीग्रेड न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे आ गया है।

(शेष पेज 11 पर)

# अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च कर इसरो रचेगा इतिहास

## अंतरिक्ष से डायरेक्ट मोबाइल कम्यूनिकेशन, बजेगी फोन की घंटी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत की स्पेस एजेंसी - भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बड़े अमेरिकन कम्यूनिकेशन्स सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के लिए तैयार है, जिसके जरिये अंतरिक्ष में मौजूद डायरेक्ट कनेक्टिविटी का इस्तेमाल करके फोन कॉल्स की जा सकेंगी। इसरो द्वारा लॉन्च की जाने वाली अमेरिकन कम्यूनिकेशन्स सैटेलाइट्स काफी इनोवेटिव और मौजूदा टेलीफोन सर्विस टेक्नोलॉजी की तुलना में काफी मॉर्डन है। सरल शब्दों में समझें, तो तो इस अमेरिकन सैटेलाइट को लॉन्च करने के बाद फोन कॉल्स करने के लिए टॉवर्स का होना अनिवार्य नहीं होगा। फोन टॉवर्स के बिना भी अंतरिक्ष में मौजूद कम्यूनिकेशन सैटेलाइट के जरिए डायरेक्ट फोन कॉल कनेक्ट हो जायेगी। इस टेक्नोलॉजी के जरिए पहाड़ी, जंगल या किसी दूर-दराज इलाके में रहने वाले आम लोग भी अपने साधारण फोन से किसी को भी कॉल कर पायेंगे।



**स्पेस से सीधी कनेक्टिविटी :** अमेरिकी कंपनी ने दावा किया है कि, इस कम्यूनिकेशन सैटेलाइट के लॉन्च होने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने किसी भी स्मार्टफोन से स्पेस कनेक्टिविटी के जरिये सीधे वॉयस कॉल कर सकता है। अभी तक अन्य सैटेलाइट-बेस्ड इंटरनेट और वॉयस कॉलिंग प्रोवाइडर्स की सर्विस इस्तेमाल करने के लिए यूजर्स को एक खास हैंडसेट खरीदने या टर्मिनल की जरूरत होती है, जैसा कि स्टारलिंक में होता है।

**इतिहास में पबली बार :** अमेरिकन कंपनी के इस बहुत बड़े सैटेलाइट को इसरो के रॉकेट द्वारा अंतरिक्ष में भेजा जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

## पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को कैसे ले जाया जाएगा एम्स, हाईकोर्ट ने मांगा एक हफ्ते में जवाब

**रांची।** जेल में बंद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिब्रेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के सुप्रीमो दिनेश गोप की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि दिनेश गोप के बेहतर इलाज के लिए उसे एम्स दिल्ली कब और कैसे भेजा जाएगा? कोर्ट ने सरकार को एक सप्ताह में इस संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दिनेश गोप की ओर से बेहतर इलाज के लिए एम्स दिल्ली ले जाए जाने की गुहार लगाई गई है। दिनेश गोप की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई।

## जेपीएससी घोटाले के चार्जशीटेड आरोपियों की बढ़ेगी मुश्किलें

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीट 37 आरोपियों की मुश्किलें नये साल में बढ़ने वाली है। सीबीआई ने 12 साल बाद जांच पूरी करते हुये बीते 4 मई को ही अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। बिना अभियोजन स्वीकृति के ही चार्जशीट दाखिल किये जाने के कारण सीबीआई कोर्ट संज्ञान नहीं ले सकी है। इसके कारण मामला लंबित है। लेकिन, अदालत अब दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले सकती है। अदालत ने ऊषा मार्टिन खनन लीज घोटाले में 21 नवंबर को और राष्ट्रीय खेल घोटाले में 11 दिसंबर को अदालत ने संज्ञान लिया। इन दोनों मामलों में सीबीआई ने लंबे समय बाद भी अभियोजन स्वीकृति नहीं ला पाई थी। इसी तर्ज पर जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में बिना अभियोजन स्वीकृति के ही संज्ञान लेने की संभावना है। संज्ञान लेने के बाद मामले के सभी 37 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया जायेगा। मामले की अगली सुनवाई की तारीख 6 जनवरी निर्धारित है।


**कार्यालय**
**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा**

**Very Short Tender Notice**

**Tender No..................Simdega/Dated..............**

1. Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for **"Supply of Phaco Machine & BASIC OPERATION MICROSCOPE for Sadar Hospital, Simdega " is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency** through tender Notice detailed as in the Bidding Document.
2. **Award Methodology:** -Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer **Terms & conditions**
3. **Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 2000/- (Rupees Two Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 20000/- (Rupees Twenty thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 02.01.2025 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 16.01.2025 till 3.00 PM |
| e. | Opening of Bid | 16.01.2025 at 4.00 PM |

***Note:-*** *If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.*
***Details bid document*** *can be downloaded from the official website of Simdega district i.e.* ***www.Simdega.nic.in /www.gem.gov.in***

PR 343391 Simdega(24-25).D

Civil Surgeon cum Chief Medical Officer,Simdega


# हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई, हाइकोर्ट ने इडी अधिकारी को जवाब देने तीन सप्ताह का समय दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन द्वारा दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाले ईडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रतिवादी सीएम हेमंत सोरेन के जवाब (प्रति शपथ पत्र) पर ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा को अपना प्रतिउत्तर देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवाई 3 सप्ताह बाद होगी। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की। ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आग्रह किया गया है कि इस मामले में गोंदा पुलिस द्वारा ईडी के अधिकारियों को प्रताड़ित करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपा जाए।

**पूर्व में भी इससे संबंधित मामले में हुई थी सुनवाई :** हालांकि पूर्व में ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को गोंदा पुलिस द्वारा 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। कोर्ट ने ईडी अधिकारी को खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगले आदेश तक जारी रखा था।

बता दें कि यह एफआईआर झारखंड पुलिस द्वारा एससी/एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी/एसटी पुलिस थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी द्वारा की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है।

इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया। ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी लीक की, जिससे जनता की नजर में उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाए।

## सांसद दीपक प्रकाश को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, प्राथमिकी निरस्त



**रांची।** भाजपा नेता राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने गुरुवार को उनकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान उनके खिलाफ कांके थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया है। दीपक प्रकाश, कांके के तत्कालीन विधायक समरी लाल समेत अन्य के खिलाफ 18 जून 2021 को कांके थाना में कांड संख्या 141/ 2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह प्राथमिकी झारखंड सरकार द्वारा किसानों को धान खरीदी का भुगतान नहीं करने तथा सरकार की कृषि नीति के खिलाफ राजधानी रांची के कांके स्थित सुकुरहुटू के छिटकल टोली में प्रदर्शन करने के एक मामले में की गई थी। प्राथमिकी अन्य धाराओं के साथ कोविड-19 एवं लॉकडाउन के नियमों के उल्लंघन के आरोप में भी की गई थी। प्राथमिकी कांके के तत्कालीन सीओ बासुकी नाथ टुडू ने दर्ज कराई थी। रांची की निचली अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस याचिका पर सुनवाई के उपरांत अदालत ने दर्ज प्राथमिक को निरस्त कर दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि यह मुकदमा राजनीतिक से प्रेरित है। इसमें किसी भी तरह की कोई सत्यता नहीं है। गलत भावना से इसे दर्ज किया गया है। इसे निरस्त करने का अनुरोध किया था।

## छविरंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 16 जनवरी निर्धारित की गई है। मामले में ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत करना है।

# पांच को 33 सितारों को जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में पांच जनवरी 2025 को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रांची के आड्रे हाउस में होगा, जहां राज्य के 33 उत्कृष्ट खिलाड़ियों और उनके कोचों को सम्मानित किया जायेगा। गुरुवार को मोहराबादी मैदान स्थित निजी रेस्टोरेंट में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीद फाउंडेशन के कोर कमेटी ने पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को पहचान और प्रोत्साहन देना है, जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का नाम रोशन किया है।

**पांच श्रेणी में पुरस्कार :** इस बार कुल पांच श्रेणी में पुरस्कार दिये जायेंगे। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड, झारखंड खेल रत्न पुरस्कार आदि शामिल हैं। सम्मानित किए जाने वाले खिलाड़ियों में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत, ब्यूटी डुंगडुंग, हॉकी में संगीता कुमारी, बाबूलाल हेंब्रम, मनीष मुंडा, अभिषेक लकड़ा, आलोक लकड़ा, शीला कुमारी स्नेहा थापा जैसे नाम शामिल हैं। साथ ही, इन खिलाड़ियों को तैयार करने वाले कोचों को भी सम्मानित किया जायेगा।

फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्य के खिलाड़ियों, कोच एवं खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया जायेगा। संस्था के खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन हर साल ऐसे खिलाड़ियों को सम्मानित करता है, जिन्होंने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। झारखंड में खेलों की अपार संभावनाएं हैं, और हमारी संस्था इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार प्रयासरत है। फाउंडेशन की महिला विंग की केंद्रीय अध्यक्ष संगीता तिर्की ने कहा कि हमारी महिला खिलाड़ियों ने न केवल राज्य बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उम्मीद फाउंडेशन महिलाओं को खेल के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।

फाउंडेशन के संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर आयोजित यह समारोह खिलाड़ियों और कोचों के सम्मान का प्रतीक है। यह हमारे खेल जगत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू खलको ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन झारखंड में खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुका है। हमारी योजना गांव-गांव जाकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सामने लाने और उनकी जरूरतों को सरकार तक पहुंचाने की है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**CIN No. U40108JH2013SGC001702**
**Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi**

**Notice**

Advertisement No.- 01/2024 of Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited was published for engagement as Second Member, Consumer Grievance Redressal Forum in its headquarter, Medininagar on a contract basis. The last date for submission of the application was 30.09.2024, which was further extended upto 12.11.2024.

As directed, in continuation of the aforementioned advertisement, the last date for submission of filled application with all required documents and credentials is hereby extended up to 5.00 P.m. on 15.01.2025. The applicants who have already applied, need not be required to submit further applications.

2. All other terms and conditions of the aforementioned advertisement shall remain unchanged.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (HR)
JBVNL

PR 343399 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D


## झारखंड में जल जीवन मिशन का हाल बेहाल 27,150 योजनाएं पेंडिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में जल जीवन मिशन योजना का हाल बेहाल है। एसवीएस स्कीम के तहत झारखंड में 33,523 योजनाएं ली गयी थी। इसमें से 6,373 यानी 19.01 फीसदी योजनाओं का ही सर्वे हुआ है। अब तक 27,150 यानी 80.99 फीसदी योजनाएं लंबित हैं।

**पांच जिलों में दो हजार से अधिक योजनाएं लंबित :** विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसवीएस स्कीम के तहत, पांच जिलों में दो हजार से अधिक योजनाएं लंबित हैं। पश्चिम सिंहभूम में सबसे अधिक 5842 योजनाएं लंबित हैं। वहीं हजारीबाग में 4791, गिरिडीह में 4158, चतरा में 3402 और पलामू में 2198 योजनाएं लंबित हैं।

### किस जिले में कितनी योजनाएं हैं लंबित

| जिला | योजनाओं की संख्या | | |
|---|---|---|---|
| सिमडेगा | 823 | गिरिडीह | 4158 |
| हजारीबाग | 4791 | गोड्डा | 48 |
| गुमला | 358 | जामताड़ा | 205 |
| पाकुड़ | 246 | खूंटी | 15 |
| पलामू | 2198 | लातेहार | 1995 |
| बोकारो | 92 | लोहरदगा | 280 |
| चतरा | 3402 | प. सिंहभूम | 5842 |
| देवघर | 242 | पूर्वी सिंहभूम | 199 |
| धनबाद | 593 | रामगढ़ | 15 |
| दुमका | 109 | रांची | 47 |
| गढ़वा | 36 | साहेबगंज | 557 |

## हजारीबाग के नये एसडीओ बने राजकिशोर प्रसाद

**रांची।** हजारीबाग के एलआरडीसी राज किशोर प्रसाद ने सदर एसडीओ का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह पदभार स्वतः ग्रहण किया है। हजारीबाग के वरीय पदाधिकारी के आदेश के बाद उन्होंने नियम 202 के तहत पदभार लिया है। हजारीबाग में यह पहला ऐसा मामला है कि स्वतः एसडीओ को पदभार लेना पड़ा हो। बताते चलें कि हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार सिंह से उनके बॉडीगार्ड वापस ले लिया गया है। वहीं, जो सरकारी गाड़ी उन्हें दी गई थी वह भी वापस ले ली गई है। 30 दिसंबर तक उन्हें बॉडीगार्ड और गाड़ी दी गई थी। जैसे ही उनका तबादला हुआ वैसे ही बॉडीगार्ड और गाड़ी वापस ले ली गई है। आमतौर पर जब किसी व्यक्ति के ऊपर आरोप लगता है तो पुलिस उससे पूछताछ पुलिस करती है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड के रेवेन्यू कोर्ट में 59 हजार मामले लंबित

**रांची।** झारखंड के रेवेन्यू कोर्ट में 59,085 मामले लंबित हैं। वहीं, रेवेन्यू कोर्ट में दो लाख 47 हजार 203 मामले अनुसंधान के लिए आये। इसमें से एक लाख 88 हजार 118 यानी 76.10 फीसदी मामलों का निष्पादन कर लिया गया। वहीं 23.90 फीसदी मामले अब तक लंबित हैं। रांची में 21892 मामले पेंडिंग हैं, जबकि जामताड़ा में 3521, देवघर में 3234 और धनबाद 3412 मामलों का अब तक निष्पादन नहीं हुआ है। तीन जिलों में 10 फीसदी से भी कम मामले लंबित हैं। बोकारो में 699 यानी 9.74 फीसदी मामले लंबित हैं। वहीं कोडरमा में 339 यानी 6.31 फीसदी मामले पेडिंग हैं, जबकि सिमडेगा में सबसे कम 166 यानी सिर्फ 2.71 फीसदी मामले ही लंबित हैं। खबरों के अनुसार जामताड़ा में सबसे अधिक 52.48 फीसदी मामलों का निष्पादन नहीं हुआ है।

### लोकायुक्त, जेपीएससी अध्यक्ष समेत महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की कोर्ट ने मांगी जानकारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव एवं जस्टिस गौतम चौधरी की खंडपीठ में गुरुवार को राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से 5 फरवरी तक अपडेट जानकारी मांगी गई। इसके अलावा जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में भी खंडपीठ ने अपडेट जानकारी मांगी है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन और सूचना आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। झारखंड में अभी नई सरकार का गठन हुआ है। नेता प्रतिपक्ष के संबंध में भी नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। राज्य सरकार की ओर से स्टेट्स रिपोर्ट बताने के लिए समय की मांग की गई, जिस पर अदालत ने एक महीने का समय दिया है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु में भर्ती हेतु आवश्यक सूचना :-**

आप सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध पूर्वक कहना है कि भारतीय वायु सेना (IAF) ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरूष और महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 07 जनवरी 2025 को आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर खुली है जो कि अब 07 जनवरी 2025 सुबह 11 से 27 जनवरी 2025 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉगइन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती में 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला और वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ और अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है, या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र हैं। साथ ही इच्छुक अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in से ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 343417 Labour Employment and Traning(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

PR No. 340601 Rural Work Department (24-25)#D

पत्रांक:-  दिनांक-

ई-निविदा संख्या:-23/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 74/2024-25 | रातू | ब्रजपुर ग्राम में अम्बा रोरी शाहदेव साहू के घर से कमला देवी के घर तक पथ निर्माण कार्य। (लं0- 1.000 कि0मी0)। | 1,19,80,500.00 | एक करोड़ उन्नीस लाख अस्सी हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 75/2024-25 | नगड़ी | प्रगति नगर सपारोम में पी0डब्लू0डी0 रोड से अल्ट्राटेक मिक्सिंग प्लॉट होते हुए बाला जी राईस मिल तक पथ निर्माण कार्य (लं0- 1.250 कि0मी0)। | 2,01,47,600.00 | दो करोड़ एक लाख सैतालीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 76/2024-25 | रातू | जामुन टंगरा बगीचा टोली प्राथमिक विद्यालय से संतोष गुप्ता के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं0- 1.540 कि0मी0)। | 1,62,98,200.00 | एक करोड़ बासठ लाख अन्ठानबे हजार दो सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:-**06.01.2025**
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:-**25.01.2025** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-**27.01.2025** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 343430 (REO) 24-25 (D)


# राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले उद्योग सचिव और खादी बोर्ड की सीईओ, दिया निमंत्रण

## आईएएस अनिल पाल्टा, आईआईएम निदेशक, रांची डीसी और राजा राम महतो भी मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार से गुरुवार को राज्य के उद्योग सचिव जीतेंद्र सिंह और खादी बोर्ड की सीईओ सुमन पाठक समेत कई अधिकारी और समाजसेवी मिले। सभी ने मिलकर राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामानाएं दी। मौके पर राज्यपाल ने भी सभी अधिकारियों और समाज सेवियों को नव वर्ष की शुभकामानाएं दी। वहीं, उद्योग सचिव और खादी बोर्ड की सीईओ ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें 6 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

वहीं दूसरी ओर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज भवन में महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं अनिल पालटा, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) दीपक कुमार श्रीवास्तव, डीसी रांची मंजूनाथ भजंत्री मिले। सभी अधिकारियों ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इनके अलावा राज्यपाल से कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा राम महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल भी मिला। मौके पर शिष्टमंडल ने माननीय राज्यपाल को विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।



सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

शुक्रवार 03.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 253

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी सघं के बोर्ड की बैठक

# आधारभूत संरचना तैयार करने का उपायुक्त माधवी मिश्र का निर्देश

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने धनबाद में सिद्धों कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ के लिए आधाभूत संरचना तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके तहत संघ भवन के लिए भू खंड का चयन कार्यालय के लिए कर्मियों का पदस्थापन, जिला कार्यशाला का आयोजन आदि शामिल है। डीसी सुश्री मिश्र की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी सघं के निदेशक पर्षद की बैठक आज समाहारणलय सभा



कक्ष में की हुई।

बैठक में सदस्यता प्रदान करने पर विचार, विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य योजनान्तर्गत हेतु जमीन की उपलब्धता, जिला सहकारी संघ कार्यालय के लिए स्थान आरक्षित करने, कार्यालय संचालन हेतु प्रोफेशनल मैन पावर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लेखा संधारण के लिए वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने, जिला सहकारी संघ कार्यालय के संचालन हेतु एक सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने, जिला स्तरीय कार्यशाला के आयोजन हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिलावार कार्ययोजना का प्रस्ताव भेजने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सक्षम पैक्सों/एम.पी.सी.एस को सदस्य बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही जिला मुख्यालय के आसपास पांच एकड़ जमीन की उपलब्धता के लिए गोविंदपुर के अंचलाधिकारी के साथ क्षेत्र का निरीक्षण करने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं जिला सहकारिता संघ कार्यालय के लिए कंबाइंड बिल्डिंग स्थित पूर्व उप विकास आयुक्त कार्यालय में कमरा आवंटन हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला सहकारी संघ को प्रदत हिस्सा पूँजी पो० 3.00 करोड रूपया का बैंक में सावधि जमा के रूप में निवेश के अर्जित सूद की राशि से संघ कार्यालय के स्थापना प्रशासनिक एवं विविध व्यय के लिए वार्षिक बजट जिला सहकारी संघ के निर्देशक पर्षद द्वारा अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने डीएफओ एवं डीसीओ को वर्ष 2025-26 हेतु कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में डीएफओ विकास पालीवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, विधायक प्रतिनिधि, पैक्स प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## शहीद रणधीर वर्मा का 34वां शहादत दिवस आज, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अशोक चक्र से सम्मानित शहीद रणधीर वर्मा का 34 वां शहादत दिवस 3 जनवरी को शहर के रणधीर वर्मा चौक पर मनाया जाएगा। इस उद्देश्य से समारोह की तैयारी गुरुवार को पूरी कर ली गई। संयोजक भृगुनाथ भगत ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहीद की पत्नी पूर्व सांसद प्रो रीता वर्मा, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो मौजूद रहेंगे।

ज्ञात हो कि जांबाज पुलिस अधीक्षक रणधीर प्रसाद वर्मा बैंक




डकैती कांड में खालिस्तानी आतंकवादियों से लोहा लेते हुए 3 जनवरी 1991 को वीरगति प्राप्त हुए थे। उनके शौर्य, बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत वीरता का सर्वोच्च पदक अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। उनकी याद में हर साल 3 जनवरी को संगीतमय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है।

# गिरिडीह: धनवार डाका कांड, पुलिस की सख्त करवाई में अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** 31 दिसंबर को घाटी डकैती की घटना का पुलिस न उद्भेदन कर लिया है। विदित हो कि विगत दिन धनवार थाना के राजा मंदिर के समीप स्थित चन्द्रिका पंडित के घर से सात अपराधकर्मियों के गिरोह द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संदर्भ में वादी चन्द्रिका के अभ्यावेदन के आधार पर धनवार थाना काण्ड संख्या-01/25, दिनांक 01.01.25 धारा-310(2)/311 बी०एन०एस० के अन्तर्गत सात अपराधकर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

उक्त जानकारी गिरिडीह एस पी डॉ विमल कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि डकैती की घटना में शामिल अपराधियो ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उक्त काण्ड के उद्भेदन और बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं रोहित कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक, जमुआ अंचल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। काण्ड के अनुसंधान के क्रम मे त्वरित कार्रवाई करते हुए अप्राथमिकी अभियुक्त रोहित शर्मा उर्फ टुटु विश्वकर्मा (कैरेज कॉलोनी फुटबॉल मैदान, बर्मा माईन्स, थाना बर्मा माईन्स) और आकाश मिश्रा (जादूगोड़ा कंकिरी मंदिर के पास, थाना जादूगोडा) को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त एक लोडेड देशी पिस्टल, एक लोडेड देशी कट्टा, लूटी गई मोबाईल और 4000/- रूपया बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना दोष स्वीकार किया और बताया कि 08 दिसंबर को भी नकटीटांड, मोदी के घर में लूट की घटना भी इन्हीं लोगों द्वारा अंजाम दी गई थी। इसके संबंध में धनवार थाना काण्ड संख्या-286/24, 08 दिसंबर को धारा-309 (4) (6) बी०एन०एस० दर्ज किया गया था। काण्ड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की भी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।




## स्पीड न्यूज

### इंटर कॉलेज महुदा की अनुदान राशि रुकी, बीईईओ ने की जांच

**महुदा।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (तोपचांची) विनोद कुमार मोदी गुरुवार को जांच के लिए इंटर महाविद्यालय पहुंचे। कॉलेज में लेखा पंजी, रोकड़ बही, खाता की जांच पड़ताल की। शासी निकाय के सचिव प्रो दीपनारायण शर्मा, इंटर कॉलेज महुदा के प्राचार्य प्रो. सिकंदर रवानी, लेखापाल हसीबुद्दीन अंसारी, रोकड़पाल दिलीप कुमार रवानी मौजूद थे। पूछे जाने पर जांच अधिकारी ने बताया कि सब कुछ संतोष जनक पाया गया। जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को सौंप दी जाएगी।

### चोपन-प्रयागराज-चोपन एक्सप्रेस के परिचालन में बदलाव

**धनबाद।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल अंतर्गत भीरपुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के मद्देनजर चोपन–प्रयागराज–चोपन एक्सप्रेस के परिचालन में बदलाव किया गया है। 3 एवं 4 जनवरी को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13309/13310 चोपन–प्रयागराज–चोपन एक्सप्रेस के परिचालन को निरस्त किया गया है। वहीं 2 से 3 जनवरी तक गाड़ी संख्या 13310 प्रयागराज–चोपन एक्सप्रेस का भीरपुर स्टेशन पर ठहराव को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा चार को

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में आज गुरुवार को अदालत ने फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी बामनवाद टुंडी निवासी गजेंद्र कुमार यादव को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शनिवार 4 जनवरी की तारीख तय की है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर 24 अप्रैल 24 को टुंडी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक वर्ष 2006 के जुलाई माह में जब रात्रि में पीड़िता घर में सो रही थी तो आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके बाद आरोपी लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। वर्ष 2019 में भी उसके साथ दुष्कर्म किया था। जब उसने घटना की जानकारी घर वालों को दी तो आरोपी ने उसे धमकाया कि मुंह बंद रखो, नहीं तो जान मार देंगे। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 24 जून 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 5 जुलाई 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी।

## आंदोलनकारी रामधानी महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

**महुदा।** झारखंड राज्य अंदोलनकारी नेता रामधनी महतो की पुण्य तिथि



चरकीटांड चौक पर मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में दिवंगत के पुत्र मनोज कुमार महतो, तिलकेश्वर महतो, छत्रपति महतो, गंगाधर महतो, प्रदीप कुमार महतो, भोला प्रभाणिक, सुरेश कुमार रजक, मो आजाद अंसारी, बलराम महतो, महादेव महतो, रंजीत सिंह, गोपाल महतो आदि शामिल थे।

## देश का डेमोग्राफी बदलने का हो रहा प्रयासः प्रमोद झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मैथन। इतिहास साक्षी है कि जहां भी हिंदू घटा है, वह क्षेत्र या तो भारत से अलग हुआ है या वहां पर सनातन संस्कृति को समाप्त कर दिया गया है। इसका जीता जागता उदाहरण बांग्लादेश है। जिस बांग्लादेश को आजाद करने के लिए हमारे देश के 4 हजार से ज्यादा सैनिकों ने बलिदान दिया, वहां के लोगों को इस्कॉन संस्था ने बरसों तक मुफ्त में भोजन कराया तथा उन्हें बचाया। आज



बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर को बर्बाद कर दिया गया तथा वहां के मुख्य पुजारी को जेल में डाल दिया गया है। यदि अभी भी सनातनी नहीं चाहते तो वह दिन दूर नहीं, जब हम सभी को या तो अपनी बहन-बेटियों को विधर्मियों के हवाले करना होगा या हिंद महासागर में जाकर डूबना होगा। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमोद झा ने उपचुरिया गांव में आयोजित तरुण हिंदू एवं बजरंगबली मंदिर के नौवें वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सनातनियों को जाति में बांटने का कुचक्र रचा जा रहा है। पाकिस्तान के पहले कानून मंत्री दलित थे, जो दलित की राजनीति करते हुए पाकिस्तान चले गए थे। परंतु कुछ ही दिनों बाद उन्हें पाकिस्तान से भाग कर पुनः भारत आना पड़ा। इस सच्चाई से भी यदि लोग नहीं जागे, तो वह दिन दूर नहीं जब सनातन को इसी तरह विधर्मी बांटने का कुचक्र रचते रहेंगे। भारत के विभिन्न राज्यों की जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। झारखंड के कई जिले एवं देश के कई राज्य इसका जीता जागता उदाहरण है।

कार्यक्रम को धर्म जागरण समन्वय विभाग के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ विश्वनाथ पांडे ने भी संबोधित किया।

## मासूम शाह बाबा के सालाना लंगर में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**कतरास।** मासूम शाह बाबा का 28 वां वार्षिक सालाना लंगर का आयोजन गुरुवार को गांधी चौक कतरास बाजार मस्जिद पट्टी में किया गया। कतरास, धनबाद, झरिया, लोयाबाद, केंदुआ, करकेंद, इसरी,डुमरी, गिरिडीह, हजारीबाग आदि क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचे एवं लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। लंगर को सफल बनाने में नियाज अहमद खान, राजू सिंह, शमी इमाम खान, रोशन परवीन आदि की भूमिका सराहनीय रही। मो लालू ने बताया कि पिछले 28 वर्षों से मासूम शाह बाबा के स्थान पर लंगर लगाया जाता है। इसमें सभी धर्म के लोग शामिल होते हैं।

## सवारी से भरा ऑटो पलटा, पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहेबगंज हाइवे पर पबिया के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में सवारी से भरा ऑटो सड़क के बीचो बीच अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने बताया कि टेंपो तेज रफ्तार में था। आगे से भी तेज रफ्तार से वाहन आ रहा था। आमने-सामने की टक्कर से बचने के चक्कर में यह हादसा हुआ। दुर्घटनाग्रस्त टेंपो का नंबर जेएच 21 जी 9087 है।

जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पबिया लाया गया। सभी करीडीह वन गांव मोहडार टोला के निवासी हैं। नये साल में सभी पिकनिक मनाने के लिए मैथन जा रहे थे। सभी लोग एक ही परिवार के हैं। दुर्घटना में शांति देवी, गुड़िया देवी, योगन दास, रानी कुमारी, छटू दास गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों एवं समाजसेवी सोनू सिंह सहित अन्य सहयोगियों ने सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पबिया में भर्ती कराया। डॉक्टर विनोद धाकड़ एवं नर्स ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल जामताड़ा भेज दिया।

## एक नजर में

### भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ने दो मोक्ष वाहन व एक एंबुलेंस सेवा शुरू की

**धनबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने गुरुवार को दो मोक्ष वाहन और एक एंबुलेंस सेवा शुरू की। चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं सचिव रविन्द्र नाथ



ठाकुर ने विधिवत पूजा पाठ कर इस सेवा का शुभारंभ किया। इसके बाद एसएनएमएमसीएच अधीक्षक डॉक्टर संजय चौरसिया के साथ बैठक हुई। अधीक्षक ने इस सेवा को शुरू करने के लिए बधाई दी तथा कई अन्य सुझाव भी दिए। मौके पर संयुक्त सचिव दिलीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक,नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार,अनिल भगत व लीला मांजी आदि मौजूद थे।

### बरौनी- पोत्तनूर स्पेशल ट्रेन का 28 जनवरी तक विस्तार

**धनबाद।** यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 06055/ 06056 पोत्तनूर–बरौनी–पोत्तनूर स्पेशल के परिचालन का विस्तार करने का निर्णय लिया है। 06055 पोत्तनूर– बरौनी स्पेशल प्रत्येक शनिवार को 11 जनवरी से 25 जनवरी तक तथा 06056 बरौनी–पोत्तनूर स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को 14 से 28 जनवरी तक चलेगी। इस ट्रेन का समय और ठहराव मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को देर से स्वेटर मिलने पर लोगों ने जताई नाराजगी

**धनबाद।** आधी सर्दी गुजरने के बाद जिला प्रशासन को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों की याद आई है। अंचल कार्यालय में गुरुवार को बच्चों के स्वेटर वितरण का काम शुरू हुआ। धनबाद अंचल कार्यालय में सेविकाओं ने बताया कि पहले ही बच्चों के लिए स्वेटर की मांग की गई थी। लेकिन अभी मिल रहा है तो हमलोग क्या करें। हालांकि अभी सर्दी ज्यादा बढ़ गई है। इससे बच्चों को राहत मिलेगी। जल्द ही स्वेटर का वितरण कर दिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वेटर की देरी से आने पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि कोई भी सरकारी काम समय पर नहीं हो सकता है। यही काम पहले हो जाता तो क्या हर्ज था।

### कतरास शहर का माहौल हुआ श्याम सुमिरन महोत्सव से आध्यात्मिक



**कतरास।** श्याम सुमिरन महोत्सव से पूरे कतरास शहर का माहौल आध्यात्मिक हो गया है,पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत श्याम संघ द्वारा गुरुवार शाम को निशान पदयात्रा निकाली गयी। अपने हाथों में निशान लिए किशोरियां, महिलाएं आराध्यदेव श्याम का गुणगान कर रही थी। वहीं पुरुष श्याम की भक्ति में लीन होकर झूम रहे थे। सूर्य मंदिर प्रांगण से गाजा बाजा के साथ यात्रा निकली, जो मुख्य स्थलों से गुजरती हुई नर्मदेश्वर मंदिर पहुंची। रथ पर श्री श्याम की तस्वीर स्थापित की गयी थी। शहर में जगह जगह यात्रा का स्वागत हुआ। लोगों ने पुष्प वर्षा की। राजस्थानी धर्मशाला में शाम में भजन का आयोजन हुआ। बाबा का अलौकिक दरबार सजाया गया। अखंड ज्योत जलाई गयी। भजन गायकों ने श्री श्याम सलोने का यशो गान कर समां बांध दिया।

## शिक्षक के घर का ताला तोड़ कर दो लाख की संपत्ति चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह नंबर 10 डुमरियाटार बस्ती निवासी शिक्षक कैलाश गोस्वामी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने 2 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के वक्त परिजन अपने घर पर नही थे। श्री गोस्वामी ने जोड़ापोखर थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भुक्तभोगी कैलाश ने बताया कि वह सरस्वती शिशु मंदिर कतरास में अंग्रेजी के शिक्षक हैं। अपने परिवार के साथ कतरास में ही रहते हैं। डिगवाडीह डुमरियाटार बस्ती में उनका पुश्तेनी मकान है, जहां उनके भाई कोकिल गोस्वामी रहते थे। दो माह पूर्व कोकिल ो पत्नी कुसुम देवी के साथ अपने पुत्र के पास मुंबई चले गए। तबसे घर में ताला लगा रहता था। बीच बीच वहा कतरास से आकर घर देखकर चले जाते थे। इससे पूर्व वह 25 दिसम्बर को यहां आये थे तो सब कुछ ठीक था।

गुरुवार की सुबह पड़ोसियों ने मोबाइल से सूचना दी कि उनके घर के मुख्य दरवाजे के ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही कतरास से आकर देखा कि घर के भीतर पांच कमरे हैं, जिनका का ताला तोड़कर बक्सा, ब्रीफकेश में रखे भाभी के सोने के कान का झुमका एक जोड़ी, बाला एक जोड़ी, मंगलसूत्र, अंगूठी सहित चांदी के पायल एवं जमीन संबंधी व कुछ जरूरी कागजात चोर ले गए। चोरी गए जेवरात की कीमत दो लाख रुपये है।

# बिरसा मुंडा पार्क कमाई में नंबर वन, व्यवस्था में जीरो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहर में कमाई के मामले में बिरसा मुंडा पार्क नंबर एक पर है। नये साल का उत्सव मनाने हर दिन भारी संख्या में सैलानी पार्क पहुंच रहे है। पार्क में मेले सा नजारा है। अगले 4,5 दिनों तक यही स्थिति रहने वाली है। टिकटों की बिक्री भी अन्य दिनों की तुलना में चार गुना बढ़ गई है। लेकिन पार्क की व्यवस्था बदहाल है। रंग बिरंगे फूलों के बाग पार्क से लगभग गायब हो चुके हैं। भूल भुलैया की दीवारें कई जगह से टूट चुकी हैं।

इतना ही नहीं पार्क में नशेड़ियों, बदमाशों के बीच प्रेमी जोड़ों का जमावड़ा बढ़ गया है। नये साल के पहले दिन यानी बुधवार की रात पार्क में घूमने आए युवाओं के दो गुटों के बीच जमकर हंगामा हुआ, जो मारपीट में तब्दील हो गई। यह देख परिवार के साथ घूमने आए लोगों के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग बीबी बच्चों को सुरक्षित करने में जुट गए। इधर दोनों गुटों को खदेड़ने में पार्क के सुरक्षा गार्डों के पसीने छूट गए। घंटों मशक्कत के बाद उन्हें पार्क से बाहर किया गया। पार्क प्रबंधक ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि इतने बड़े पार्क में छोटी मोटी बात होती रहती है। युवाओं के दो गुटों का बाहर का झगड़ा था। पार्क में आमने सामने होने पर ये लोग भिड़ गए थे, जिसे शांत करा लिया गया।

### नव वर्ष पर बढ़ी भींड, नशेड़ियों, बदमाशों का लग रहा जमावड़ा



**स्ट्रीट लाइट की भी है कमी**

पार्क में स्ट्रीट लाइट तो सभी जगह लगी हुई है, जिनमें आधी खराब पड़ी हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर कई मनचले मनमानी भी करते हैं। भारी भीड़ के कारण शौचालय एवं पार्क एरिया में जगह जगह गंदगी फैल रही है। मुख्य गेट की ओर आने वाली सड़क के दोनों ओर ठेले खोमचे लगे रहते हैं, जिससे पार्क आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 8 लेन सड़क भी इन दिनों पार्किंग स्थल बन चुकी है। पार्क जाने वाले रास्ते पर आड़े तिरछे गाड़ी खड़ी कर दी जा रही है। इससे लोगों को अंदर जाने में परेशानी हो रही है। हालांकि देखने वाला कोई नहीं है।

### टिकटों की बिक्री में भी हेराफेरी

बिरसा मुंडा पार्क के मुख्य गेट पर टिकट के काउंटर हैं। एक व्यक्तिके टिकट का मूल्य 25 रुपये है। पांच साल के बच्चे की इंट्री फ्री है, उससे अधिक उम्र के बच्चों का पूरा पैसा लिया जाता है। लोग नियम के मुताबिक टिकट भी खरीद रहे हैं। लेकिन काउंटर पर मौजूद लोग टिकटों की बिक्री में हेराफेरी करते नजर आए। पार्क घूमने आए कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि जो टिकट गेट पर लिया जा रहा है, वह वापस काउंटर पर पहुंच जा रहा है। उसे दुबारा बेचा जा रहा है। ये लोग सभी लोगों को कंप्यूटराइज्ड टिकट निकाल कर नहीं दे रहे हैं। काउंटर पर बैठे लोग निगम को राजस्व की हानि पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्हें देखने वाला कोई नहीं है।

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ अरविंद चौबे

## अभाविप का रजत जयंती अधिवेशन आज से, प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता





**गोविंदपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन की पूर्व संध्या पर गुरुवार को केके इंजीनियरिंग कॉलेज, नेरो परिसर में प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दुगार्पुर के निदेशक डॉ अरविंद कुमार चौबे ने कहा कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। छात्र शक्ति राष्ट्र की बहुत बड़ी शक्ति है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का उद्घोष ज्ञान, शील और एकता है। भारत की 35% आबादी युवा वर्ग की है और वही निर्माण और परिवर्तन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि 1948 में स्थापित विद्यार्थी परिषद आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इसका लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन से इसका और विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी। डॉ चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री की स्टार्टअप योजना से जुड़ने की अपील की। कहा कि इस योजना से अब तक देश के 15 लाख लोगों को रोजगार मिला है।

इस अवसर पर बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान सिंदरी के निदेशक डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण है और वह तबा होगा, जब विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण होगा। स्वागत समिति के अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा ने सभी का स्वागत किया और कहा कि आज विद्यार्थी परिषद की बदौलत ही वह इस स्थान तक पहुंचे हैं। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विनोद एक्का ने झारखंड में विद्यार्थी परिषद की अब तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि सभी 24 जिलों में संगठन का लगातार विस्तार हो रहा है। अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप जलाकर किया।

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर प्रदर्शनी मंडप में अतिथियों ने विभिन्न चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें विद्यार्थी परिषद की विभिन्न गतिविधियां प्रदर्शित की गई हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती, नीलांबर पीतांबर, दिवा सोरेन, पांडे गणपत राय, राम नारायण सिंह, पोटो सरदार, जनजातीय गौरव भगवान बिरसा मुंडा, रघुनाथ महतो, सिदो मुर्मू कान्हू मुर्मू, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, वीर बुधु भगत, बाबा तिलका मांझी, तेलंगा खड़िया, गंगा नारायण सिंह, शेख भिखारी आदि की प्रदर्शनी लगाई गई है । मौके पर के के ग्रुप के निदेशक रिची रवि, परिषद की राष्ट्रीय सदस्य दिशा दिव्या, गोविंद नायक दिनेश सोलंकी क्षमा शर्मा अंशु तिवारी, विनोद कुमार , महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य वरीय अधिवक्ता जया कुमार, भाजपा नेता मुकेश पांडेय, अरुण राय सुनील कुमार पांडेय, अजय सिंह मदन तिवारी अमित ओझा अंकित सिंह साक्षी कुमारी विक्की ठाकुर कोमल कुमारी अखिलेश सिंह, सुरजीत साहा आदि मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार का प्रखंडों में जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम



**गिरिडीह।** गुरूवार को जमुआ प्रखंड के ग्राम शानडीह मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच अभियान कार्यक्रम के तहत कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विधिक सहायता केंद्र जमुआ के पीएलवी सुबोध कुमार साव ने उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार,बाल विवाह रोकथाम, मध्यस्थता कार्यक्रम, राष्ट्रीय अदालत, विधिक सहायता एवं अन्य विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को लाभांवित किया गया। पीएलवी हीरा देवी, सरोजित कुमार, रमेश कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, कुश कुमार यादव ने भी नालसा और झालसा के योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। उक्त अवसर पर समाजसेवी जयंत शर्मा, अतिश कुमार गुप्ता, महादेव मिस्त्री, पियूष कुमार, आकाश कुमार, महेश शर्मा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### 91 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व शिक्षक का जन्मदिन मना



**राहे।** पांच परगना क्षेत्र के सताकी निवासी पूर्व शिक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी पशुपति नाथ महतो के 91 वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया। ग्रामीणों द्वारा पशुपति नाथ महतो का अंगवस्त्र देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया। ज्ञात हो कि श्री महतो लम्बे समय तक शिक्षक के रूप में कार्य किया। सेवानिवृत्त होने के बाद वर्ष 2000 में सिल्ली विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़े। उसके बाद पेंशनर समाज, बुद्धिजीवी मंच जैसे विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संस्थानों से जुड़कर निरंतर कार्य करते रहे हैं। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व शिक्षक एवं बुद्धिजीवी मंच के दुर्लभ महतो, रामेश्वर महतो, गीता मेहता, कुमारी चिकू, शम्भूनाथ महतो, राकेश कुमार महतो, किशोर समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### एआईएसएमजेडब्लूए के पदाधिकारी आईपीआरडी के निदेशक से मिले

**रांची।** झारखंड में ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले एक प्रतिनिधि मंडल ने सूचना भवन जाकर आईपीआरडी के सह निदेशक सुनीता धान से मिलकर ज्ञापन सौंपा तथा पत्रकार के सुरक्षा तथा हेल्थ बीमा को लेकर वार्ता की। संगठन के पदाधिकारी ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि पत्रकारों को जल्द से जल्द एक्रीडेशन तथा अन्य सुविधा उपलब्ध जाए। इस मौके पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रविंद पांडे, अमित दत्ता, कमलेश दुबे मौजूद रहे।

## धनसार थाना क्षेत्र में महिला की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

# परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जतायी

▶▶ स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के अनुग्रह नगर टाड़ी स्थित खंडहरनुमा मकान में 50 वर्षीय सरस्वती देवी का शव मिला। परिवार ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर धनसार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमसीएच भेज दिया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। महावीर नगर के लोगों मे आक्रोश देखा जा रहा है। स्वजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस से हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला की हत्या की गई है और पुलिस को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने नए तथ्य उजागर किए हैं। उनका कहना है कि घटनास्थल के पास अवैध महुआ शराब की बिक्री होती है और संभवतः महिला ने रात में वहां शराब पी थी, जिसके बाद उसके साथ अनहोनी हुई होगी। पुलिस इस नए पहलू पर भी जांच कर रही है। धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि महिला का शव मिला है, लेकिन घटना के बारे में जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मिलेगी। फिलहाल महिला के स्वजन की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। जैसे ही शिकायत मिलेगी, कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है मामला

मृतका के पुत्र शुकरा, मंगरा व मनोज भुईयां ने बताया कि उनकी मां बुधवार की रात करीब आठ बजे घर से कम्बल लेने के लिए निकली थीं, लेकिन वह रात भर घर नहीं लौटीं। सुबह उन्हें सूचना मिली कि मां का शव एक खंडहरनुमा मकान में पड़ा है। जब वे वहां पहुंचे, तो देखा कि मां का शव रहस्यमय परिस्थितियों में जमीन पर पड़ा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतका के कपड़े बिखरे हुए थे और दीवार पर खून के छींटे पड़े थे। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई है।

## एक नजर में

### करकेंद में नव वर्ष पर इनमोसा ने किया मिलन समारोह का आयोजन



**पुटकी।** करकेंद स्थित इनमोसा भवन (केंद्रीय कार्यालय) में गुरुवार को नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल एवं सेल से जुड़े इनमोसा के लोगों ने भाग लिया। पीबी एरिया के जीएम जेएस महापात्रा, एपीएम एके वर्मा, सेल से डीजीएम दीपक कुमार भी मौजूद थे। जीएम श्री महापात्रा ने कहा कि सुरक्षा के साथ उत्पादन एवं उत्पादकता को उच्चतम स्तर पर ले जाना ही हम सभी का लक्ष्य है, जिसमें इनमोसा की अहम भूमिका रहती है। इनमोसा के केंद्रीय महामंत्री रमेश कुमार विश्वकर्मा, उप महामंत्री संजय कुमार सिंह एवं रामाकांत उपाध्याय,अनिल कुमार, रामकृष्ण मंडल, देवाशीष चटर्जी, जयराम महतो, आरके शर्मा, अखिलेश कुमार, चंद्रदीप यादव, मनोज सिंह, रविकांत, आरके रमन, सुधा राजेश्वरी शर्मिला ओझा आदि मौजूद थे।

### गिरिडीह के जमुआ अंचल की सरकारी जमीन का मामला सचिव तक पहुंचा

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला में जमुआ अंचल की सरकारी जमीन पर अंचलाधिकारी संजय पांडेय और कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार वर्मा द्वारा फर्जी जमाबंदी कायम कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के बाद भी जिला प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह मामला राज्य स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में जमुआ प्रखंड के जगन्नाथडीह गांव निवासी रमनी रंजन दाराद ने राज्य सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार सचिव तथा राजभाषा विभाग रांची को प्रेषित पत्र में कहा है कि सरकार के अवर सचिव, राजभाषा विभाग रांची तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी जमुआ के पत्र में वर्णित फर्जी जमाबंदी के मामले की जांच नहीं कर कंप्यूटर ऑपरेटर को बचाते हुए जिला प्रशासन ने साक्ष्य के साथ सभी आरोपों पर लीपापोती कर दी। उनका कहना है कि इस अंचल में अनेकं ऑनलाइन गलत जमाबंदी कायम किया गया है जिसका साक्ष्य उनके पास है और वह प्रशासन को भी दे चुके हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि डीसी के स्टोनो विजय कुमार वर्मा को माध्यम बनते हुए व्यापक गड़बड़ियां की जा रही हैं। कोई कार्रवाई नहीं होने पर सुनील वर्मा आपरेटर का मनोबल काफी ऊंचा हो गया है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी खोरी महुआ एवं उपाउक्त गिरिडीह समेत लोकायुक्त रांची को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने जिला प्रशासन समेत झारखंड के वरीय अधिकारियों से इस मामले का उद्वेदन कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने डी आई जी सी बी आई रांची को भी पत्र प्रेषित किया है।

## जमुआ बीडीओ अमल कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक

# लंबित योजनाओं को एमआईएस में बंद करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गुरुवार को जमुआ बीडीओ अमल कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ राजकुमार हेम्ब्रम एवं गणेश कुमार के अलावे सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक एवं बीएफटी आदि उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान बीडीओ ने पिछले तीन वित्तीय वर्ष में लंबित सभी तरह की योजनाओं को एमआईएस में बंद करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायतों को मिले टारगेट के अनुसार पीडी जेनरेट करने, रिजेक्टेड एफटीओ का आधार एवं अकॉउंट संसोधन करवाते हुए पुनः एमआईएस करने, जॉब कार्ड वेरिफिकेश करने सहित दर्जनों तरह का निर्देश दिया गया। कहा कि मनरेगा के वैसे सारे योजनाएं जिसमे 75 प्रतिशत भुक्तान हो चुका है उसे शीघ्र एमआईएस में बंद करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में इंदिरा आवास, पीएम आवास, अम्बेडकर आवास एवं अबुवा आवास का पंचायत वार समीक्षा किया समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2022-23 तक के लंबित सभी आवासों को दस दिनों के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पंचायत सचिवों को दिया गया। बैठक में लेखा सहायक उमेश कुमार, कनीय अभियंता हिमांशू शेखर सिंह, खुर्शीद अंसारी, उत्तम कुमार, युधिष्ठिर मंडल, कमेशर मरांडी, नरेश दास, सुमंत कुमार मुन्ना एवं रोजगार सेवक, सुरेश वर्मा, याकूब अंसारी, नेहाल अहमद, मंजू कुमारी, संतोष मुर्मू, मुमताज अंसारी, जिल्लानी अंसारी, पप्पू कुमार, शमशेर अंसारी सहित सभी रोजगार सेवक कनिय अभियंता, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बीएफटी आदि मौजूद थे।

### मंडल बस्ती में जमकर मारपीट, दर्जनों घायल

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र की मंडल बस्ती में गुरुवार को घर बनाने के सवाल पर जमकर लाठी, डंडे, ईंट और पत्थर चले। मारपीट में लगभग सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बारे में मंडल बस्ती के सुनील मंडल ने बताया कि वे लोग अपना घर बना रहे थे। पड़ोस के रहने वाले लक्खी और साधन मंडल द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी गई। बता दें कि दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडे, ईंट और पत्थर से हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### डेफोडिल्स अकादमी के बच्चों ने खेल कूद का आनंद लिया, डीएवी मुनीडीह में हवन



**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डेफोडिल्स अकादमी के बच्चों ने नववर्ष के पहले दिन खेल कुद एवं वनभोज का आनंद लिया। विद्यालय के छात्रों ने एक ओर जहां करकेंद नेहरू पार्क में खेलकूद का आनंद उठाया तो दूसरी ओर छात्राओं ने मुनीडीह के भटिंडा फाल में नृत्य-संगीत, चुटकुला म्युजिकल चेयर आदि खेलों के साथ वनभोज का लुत्फ उठाया। प्राचार्य तापस बनर्जी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ मनोरंजक माहौल देने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों के अंदर पूरे वर्ष भर एक नई स्फूर्ति व ऊर्जा का संचार होता रहे। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाए मौजूद थे। इधर डीएवी मुनीडीह में प्राचार्या इंदु प्रसाद की अगुआई में नववर्ष के पहले दिन हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर क्लास के विद्यार्थी के साथ शिक्षक भी शामिल हुए।

## मारवाड़ी सम्मेलन ने किया पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में गुरुवार को वेडलॉक ग्रीन रिजॉर्ट में पारिवारिक आनंदोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों से मारवाड़ी समाज के लोग शामिल हुए। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन समाज को एकत्रित करने एवं एक सूत्र में पिरोने का काम करता है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आग्रह किया, जिससे सम्मेलन को और मजबूती मिल सके।

संयोजक जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आज महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों के लिए कई तरह के मनोरंजन कार्यक्रम रखे गए थे, जिसका सभी लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाया। चेतन ऑर्नामेंट की ओर से हौजी में विजेताओं को सोने और चांदी के अनेक उपहार दिये गए। बॉलीवुड कलाकार मोहित अग्रवाल, योगेश राज एवं टीम ने संगीतमय प्रस्तुति सेसमां बांधे रखा। लोगों ने डांस कर भरपूर आनंद उठाया। सभी लोगों के लिए अनेक प्रकार के लजीज व्यंजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में लगभग 2 हजार से अधिक समाज के लोग मौजूद थे।

### मैथन डैम पर फूलबगान को डीवीसी प्रबंधन ने किया पर्यटकों को समर्पित



**मैथन।** मैथन डैम पर स्थित फूलबगान को डीवीसी प्रबंधन ने गुरुवार को पर्यटकों को विधिवत समर्पित किया। डीवीसी मैथन के परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने फूलबगान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यटक व सैलानी फूलबगान में पुष्प प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे थे। सैलानियों ने गुलाब एवं चंद्रमलिक सहित विभिन्न प्रकार के खिले हुए पुष्पों के मनमोहक दृश्य के बीच जमकर सेल्फी ली और फोटोग्राफी की। फूलों की सुंदरता देख सैलानियों के चेहरे खिल उठे। आज पूरे दिन फूलबगान एवं मिलेनियम पार्क आम लोगों के लिए खुला रहा, जहां सैलानी फूलों के बीच यादगार पल संजो रहे थे। डीवीसी के डैम डिवीजन द्वारा हर साल डैम के समीप फूलबगान में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका उद्घाटन साल के पहले दिन 1 जनवरी को किया जाता है, लेकिन इस बार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक होने के कारण 1 जनवरी को उदघाटन नहीं किया जा सका। मौके पर डीवीसी के अधिकारी लोमस कुमार, प्रकाश कुमार, अरविंद सिंह, उत्पल साहा, पार्थो मुखर्जी, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। नव वर्ष के दूसरे दिन भी सैलानियों ने डैम पर पिकनिक, नौका विहार एवं प्राकृतिक सौंदर्य का जमकर आनंद उठाया और मस्ती की।

## इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी ने किया राष्ट्र के नाम शपथ का आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों व बालिकाओं ने नृत्य-गीत से मोहा मन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** नए साल के पहले दिन झरिया स्थित सामाजिक संगठन इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी (आईएनए) ने देशभक्ति और हरित संदेशों के साथ चिल्ड्रेन पार्क में राष्ट्र के नाम शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अवधारणा रवींद्रनाथ टैगोर की एक कविता से ली गई थी और 2000 से झरिया के विभिन्न स्थानों पर 1 जनवरी को आयोजित की जा रही थी।

सबसे पहले लोगों ने दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी और नेताजी सुभाष बोस, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे भारत के महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण किया। चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित राष्ट्र के नाम शपथ में विभिन्न संप्रदाय के 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। देश की प्रगति के लिए एकजुट होने हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला में शपथ ली। इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा कि झरिया में राष्ट्र के नाम शपथ कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी अवधारणा है, जो लाखों भारतीयों की अंतरात्मा की आवाज है कि हम भारतीय एक हैं।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। केंदुआ की सुमन कुमारी, नंदनी साव, नंदनी कुमारी, अंजलि कुमारी, राधिका कुमारी, दुर्गा कुमारी, मुस्कान कुमारी, दुर्गा कुमारी ने लोक नृत्य, जबकि राजलक्ष्मी सेन, पल्लवी दत्ता और पलक दत्ता ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। झरिया की मधुश्री मंडल, अर्चिता दत्ता, गुंजन कुमारी, सिमरन कुमारी, नंदिनी कुमारी, मुस्कान कुमारी उड़िया लोक नृत्य से लोगों का मन मोह लिया।

राष्ट्र के नाम शपथ कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक पिनाकी रॉय, कलाकार संजय पंडित, मिलन बनर्जी, सोनू नुगम, कृष्णा जी, आंचल कुमारी, मौसमी रॉय, स्वर्णिम डे, नयन दत्ता, राजवीर कुमार, चंद्रशेखर रॉय, दीपसिखा कुमारी, तृषा रॉय आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत 'जन गण मन' के साथ किया गया।

### कांड्रा पंचायत की मुखिया रिंकू देवी ने बांटे कंबल



**महुदा।** बढ़ती ठंढ को देखते हुए कांड्रा पंचायत सचिवालय में मुखिया रिंकू देवी एवं भाजपा के जिला महामंत्री ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया ने कहा कि ठंड बढ़ गई है। गरीब लोगों के बीच पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े नहीं हैं, वैसे बुजुर्ग महिला, पुरुषों को चिन्हित कर प्रखंड कार्यालय बाघमारा से प्राप्त कंबल का वितरण किया जा रहा हैं। भाजपा के जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने कहा कि जिला और प्रखंड के सभी पंचायतों में असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य झालू देवी, नितु देवी, रीता देवी, नितु दास, जामिनी महतो, महेश कुमार गोस्वामी, खगेश्वर महतो, लुकमान अंसारी, गोपन कर्मकार, डेगलाल महतो आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निष्पादित कराने के लिए करें प्रेरित : गौतम कुमार

- एक दिवसीय बैठक सह कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन सभागार में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिले में कार्यरत सभी पारा लीगल वोलेंटियर्स के साथ एक बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश के आलोक में किया गया। इस बैठक सह कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने उपस्थित पारा लीगल वोलेंटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों एवं प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पारा लीगल वोलेंटियर्स को निर्देश दिया गया कि आगामी 08 मार्च 2025 को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार अपने अपने क्षेत्र में करें तथा पक्षकारों को समझा बुझाकर अपने-अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके।

श्री कुमार ने पारा लीगल वालेंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों एवं केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पारा लीगल वोलेंटियर्स की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पारा लीगल वालेंटियर्स प्राधिकार एवं आम जनता के बीच सेतु का काम करता है। उन्होंने पारा लीगल वोलेंटियर्स के दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सके, यह जिम्मेवारी सभी पारा लीगल वोलेंटियर्स के कंधों पर है। अपने अपने क्षेत्र में निःशुल्क विधिक सहायता चाहने वाले जरूरतमंद व्यक्तियों की तलाश करें तथा उसे प्राधिकार तक पहुंचाने में अपनी अहम् भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि वैसे जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने पारा लीगल वालेंटियर्स को झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा वार्तमान समय में चलाये जा रहे 90 दिवसीय अवेयरनेस सह आउटरिच कैम्पेन 2024 सहित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि झालसा के कार्यक्रमों को पूरे कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्र में संचालित करें, ताकि सभी को शीघ्र सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। मौके पर रणजीत कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, रविन्द्र कुमार यादव, पाण्डेय शेखर प्रसाद, नेहा सिन्हा, मोनिका कुमारी, सुमन रानी, मनोज कुमार, विकास रजक, सुभाष मिस्त्री, दिनेश कुमार रजक, राजेश पासवान, सुब्रत कुमार मुखर्ज़ी, सुरेश प्रसाद यादव, कमलेश प्रसाद यादव, शिव कुमार मोदी, अर्जुन रविदास, महेश्वरी कुशवाहा, मुकेश प्रसाद, रेखा देवी, सोनाली सिन्हा, प्रीति आर्या सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आदिम जनजाति परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने पर जोर

- चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आदिम जनजाति एवं अन्य योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिम जनजाति परिवारों के सर्वे कार्य, विभिन्न प्रमाणपत्र, डाकिया योजना, आवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में कराए गए सर्वे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आदिम जनजाति परिवार शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से आदिम जनजाति परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जो आदिम जनजाति परिवार पेंशन योजना के पात्र हैं, उन्हें आधार कार्ड, जातीय, आवासीय समेत सभी आवश्यक दस्तावेज प्राथमिकता के आधार पर बनाकर योजनाओं से लाभान्वित करें। शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय समेत अन्य स्कूलों में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों से कहा कि जो आदिम जनजाति परिवार 2005 से पहले से वन भूमि में रह रहे हैं, उनके लिए वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत पट्टा निर्गत करने हेतु प्रस्ताव अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति को भेजें। जो परिवार गैर-मजरूआ भूमि पर रह रहे हैं, उनके लिए सरकारी बंदोबस्ती प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साइकिल वितरण योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

## भारतमाला परियोजना की मुआवजा राशि भुगतान का निर्देश

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में भारतमाला परियोजना अंतर्गत मुआवजा राशि का वितरण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम रैयतों का भुगतान मुआवजा, विवादित भूमि, जिसमें हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा और सिमरिया क्षेत्र के अंचल अधिकारी से क्रमवार कई महत्वपूर्ण जानकारी ली गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत, दो गंभीर

हंटरगंज। थाना क्षेत्र के चतरा–डोभी मुख्य पथ एनएच 99 ग्राम भोंदल प्रतापपुर मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर पिकअप और बाइक की हुई टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन–फानन में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक स्थिति नाजुक के चलते गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर चतरा भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि थाना क्षेत्र के स्टाइल नगर पांडेपुरा ग्राम निवासी कुंदन कुमार (18) वर्षीय शोभा देवी, हरि कुमार व एक चालक चारों बाइक पर सवार हो पांडेपुरा से चतरा जा रहे थे। इस दौरान भोंदल ग्राम प्रतापपुर मोड़ के समीप सड़क पार करने के दौरान हंटरगंज की ओर से तेजगति पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। जिसमें पांडेपुरा निवासी गुजर भारती 18 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथ बाइक में सवार हरि कुमार (20 ) व उसकी पत्नी शोभा देवी (18) गंभीर रूप से घायल हो गयी। आनन–फानन में राहगीरों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इधर टक्कर मारकर भाग रहा पिकअप वाहन चालक अनियंत्रित होकर वाहन को पलट दिया। पिकअप में आलू और प्याज लदा हुआ था। वहीं चालक नौ दो ग्यारह हो गया। फिलहाल पुलिस पिकअप वाहन को थाना ले आई है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोकसभा आयोजित



चतरा। पत्रकारों द्वारा स्थानीय जिला जनसंपर्क एवं सूचना कार्यालय में गुरुवार को दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ जुलकर नैन के पिता मौलाना हाजी अब्दुल हादी के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप एवं संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक खैयाम कौशर ने की। सर्वप्रथम मौलाना हाजी अब्दुल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक खैयाम कौशर ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे धैर्यवान, सरल व मृदुभाषी थे। वे समाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से पूरा समाज मर्माहित है। उन्होंने समाज के क्षेत्र में कई कार्य किए हैं, वे पूरी जिंदगी निर्विवाद रहे, जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता है। कहा कि समाज में शिक्षा का अलख जगाने में भी उनकी भूमिका रही। उनसे पढ़े छात्र आज बड़े–बड़े पद पर आसिन हैं। मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश जायसवाल, सचिव मुरली मनोहर मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णा सिंह, नागेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, समाजसेवी विनय सेंगर, बद्री प्रसाद, बद्री वर्मा, भाजपा के मृत्युंजय सिंह, राकेश झा, अविनाश दुबे, गुड्डू रजक, गोबिंद सिंह भाजपा नेता मृत्युंजय सिंह पत्रकार मामून रसीद, मो. जफर, सूर्यकांत कमल, अलख सिंह, रवि कुमार, अमन राणा, विकाश यादव अजय चौरसिया, मो. तस्लीम, संदीप अग्रवाल, रूपेश सिंह, गौतम सिंह, मो. साजिद, शिवकुमार तिवारी, रंजित यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# शराबियों और जुआड़ियों से तंग आकर युवतियों ने दिया थाने में आवेदन

- शराब पीने वाले लोग बहन-बेटियों को छेड़ते हैं : महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नउवाडीह गांव में शराबियों एवं जुआड़ियों का आतंक देखने को मिल रहा है। सुबह से रात तक शराबी और जुआड़ी अड्डा जमा कर आने जाने वाली महिलाओं लड़कियों को छेड़ने लगे हैं। इसे लेकर महिलाओं और युवतियों द्वारा कोडरमा थाना में आवेदन देकर गुहार लगाई हैं कि हमारे गांव से शराब माफियाओं को हटाया जाए। आवेदन में कहा गया है कि इन शराब बेचने वाले लोगों के कारण गांव के बाहर से लोग शराब पीने आते हैं और बहन बेटियों को छेड़ते हैं, इस संबंध में उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। आवेदन देने वालों में बिंदिया कुमारी, ज्योति कुमारी, राखी कुमारी, रूपा कुमारी, नंदनी कुमारी, पूनम कुमारी, जयमाला कुमारी, स्वाति कुमारी, चांदनी कुमारी, नेहा कुमारी, अंशु कुमारी, निशु कुमारी, सोनम कुमारी, रीता देवी, सविता देवी, पूजा देवी, फूलमती देवी, रूबी देवी, मानवा देवी, पारो देवी, कांति देवी, कलवा देवी, लीलावती देवी, पूनम देवी, रीता देवी, साबी देवी, गोपाल कुमार, शंभू कुमार, पंकज कुमार, अरुण कुमार, उदय कुमार, महादेव दास, अजय दास आदि के नाम शामिल हैं।

# उपायुक्त ने जयनगर प्रखंड व अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त द्वारा स्वयं जिले के प्रखंड व अंचल कार्यालय का भ्रमण कर जायजा लिया जाता रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा प्रखंड व अंचल कार्यालय जयनगर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन, परिसोधन, ऑनलाइन लगान, भू-अधिग्रहण में प्राप्त आवेदनों में प्रगति की जानकारी ली। वहीं लंबित दाखिल खारिज के आवेदनों को लेकर उपायुक्त ने निर्देशित किया कि लंबित दाखिल खारिज मामलों का निर्धारित समय में निपटारा करें। वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं, उन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करें। उपायुक्त ने कहा कि कैंप के माध्यम से दाखिल खारिज से संबंधित आवेदनों का निस्तारण करें। उपायुक्त ने सीओ को सभी सरकारी जमीन का चिन्हितकरण कर अपडेट करने, अवैध जमाबंदी, भूमि सीमांकन नापी से संबंधित मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण करने, प्रखंड और अंचल कार्यालय में संबंधित प्रकार के रजिस्टर का बेहतर तरीके से संधारण करने का निर्देश दिये।

**उपायुक्त ने आम बागवानी का किया निरीक्षण :** उपायुक्त ने जयनगर पूर्वी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मनरेगा के तहत आम बागवानी योजना के निरीक्षण के क्रम में गोहाल पंचायत एवं जयनगर पूर्वी पंचायत में लगे आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। मौके पर बीडीओ गौतम कुमार, सीओ सारांश जैन व अन्य मौजूद थे।

# डॉ. अरविंद केसरी ने सरकारी अस्पताल में पत्नी की डिलीवरी करवाकर पेश की मिसाल

- सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्वास बढ़ाने का दिया संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** सदर अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद केसरी ने एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए अपनी पत्नी इंदु कुमारी की डिलीवरी सरकारी अस्पताल में करवाई। उनका यह निर्णय न केवल सरकारी अस्पतालों की सेवाओं पर भरोसा बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश भी देता है। डॉ. केसरी ने कहा, अक्सर लोग सरकारी अस्पतालों की सेवाओं को लेकर संदेह व्यक्त करते हैं, लेकिन यहां की सेवाएं सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली हैं। जब मैं खुद स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा होने के बावजूद अपनी पत्नी की डिलीवरी सरकारी अस्पताल में करवा सकता हूं, तो अन्य लोग भी इसे प्राथमिकता क्यों नहीं दे सकते? उन्होंने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्वास जताने और उनका लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा, सरकारी अस्पतालों में न केवल समर्पित सेवाएं उपलब्ध हैं, बल्कि यह आम जनता के लिए सुलभ और किफायती भी हैं।


## समाहरणालय, सिमडेगा।
### (जिला समाज कल्याण शाखा)
### आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के रिक्ति संबंधित सूची :-

| क्र0सं0 | बाल विकास परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र में जाति बाहुल्य (ST/SC/OBC/Other) | निर्धारित तिथि एवं समय | आमसभा स्थल | चयन समिति के अध्यक्ष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जलडेगा | कच्छुपानी | सेविका | ST | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 2 | जलडेगा | पतिअम्बा पुजार टोली | सहायिका | ST | 16-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 3 | जलडेगा | बरबेड़ा | सहायिका | ST | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 4 | जलडेगा | टिकरा गोड़टोली | सहायिका | ST | 18-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 5 | जलडेगा | लंबोई पहाड़टोली | सहायिका | ST | 20-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 6 | बानो | सुमिंगबेड़ा गंझूटोली | सेविका | ST | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 7 | बानो | बुजगा कुलादुरूम | सहायिका | ST | 15-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 8 | बानो | करांदमाईर | सहायिका | ST | 16-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 9 | बानो | कानारोवा स्कूल टोली | सहायिका | ST | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 10 | बानो | कानारोवा जामबेड़ा | सहायिका | ST | 17-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 11 | बानो | महाबुआँग डुमरटोली | सेविका | ST | 18-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 12 | कुरडेग | बैघमा | सेविका | ST | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 13 | कुरडेग | परकला | सेविका | ST | 15-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 14 | कुरडेग | ढाकाटोली | सेविका | ST | 16-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 15 | कुरडेग | ढोढ़ी | सेविका | ST | 16-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 16 | कुरडेग | राईबेड़ा | सेविका | ST | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 17 | कुरडेग | कराईगुड़ा | सेविका | ST | 17-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 18 | कुरडेग | बेतमा | सेविका | ST | 18-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 19 | कुरडेग | पतरापाली | सहायिका | SC | 18-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 20 | कुरडेग | बनखेता | सहायिका | ST | 20-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 21 | कुरडेग | कराईगुड़ा | सहायिका | ST | 20-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 22 | कुरडेग | छाताकाडू | सहायिका | ST | 21-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 23 | कुरडेग | मटासी | सहायिका | ST | 21-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 24 | कुरडेग | आमकानी | सहायिका | ST | 22-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 25 | कुरडेग | टांगरटोली | सहायिका | ST | 22-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 26 | कुरडेग | जेरवा | सहायिका | ST | 24-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 27 | कुरडेग | तुबिलपानी | सहायिका | ST | 24-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 28 | कुरडेग | बोडोबारी | सहायिका | ST | 27-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 29 | कुरडेग | मधियाघाट | सहायिका | ST | 27-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 30 | कुरडेग | करवरजोर | सहायिका | ST | 28-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 31 | कुरडेग | गजमारा | सहायिका | ST | 28-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 32 | कुरडेग | बगाई | सहायिका | ST | 29-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 33 | कुरडेग | रघुडेरा | सहायिका | ST | 29-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 34 | कुरडेग | महकुरटोली | सहायिका | ST | 30-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग | |
| 35 | ठेठईटांगर | मांझीटोली | सेविका | ST | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 36 | ठेठईटांगर | आसनबेड़ा | सेविका | ST | 15-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 37 | ठेठईटांगर | दुमकी | सेविका | ST | 16-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 38 | ठेठईटांगर | दुमकी | सहायिका | ST | 16-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 39 | ठेठईटांगर | बाघचट्टा भण्डारटोली | सहायिका | ST | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 40 | ठेठईटांगर | देवबहार भण्डारटोली | सहायिका | ST | 17-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 41 | ठेठईटांगर | कोरोंजो निमटोली | सेविका | ST | 18-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 42 | ठेठईटांगर | ताराबोगा भण्डार टोली | सेविका | ST | 18-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 43 | ठेठईटांगर | केरया महतोटोली | सहायिका | ST | 20-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 44 | ठेठईटांगर | कदुपानी | सेविका | ST | 20-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 45 | ठेठईटांगर | कोनबेगी | सहायिका | ST | 21-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 46 | ठेठईटांगर | मुण्डलटोली | सहायिका | ST | 21-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 47 | ठेठईटांगर | कुड़पानी भण्डारटोली | सहायिका | ST | 22-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 48 | ठेठईटांगर | सियादोहर | सहायिका | ST | 22-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 49 | ठेठईटांगर | अम्बापानी पहानटोली | सहायिका | ST | 24-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर | |
| 50 | कोलेबिरा | लरबा | सहायिका | OBC | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 51 | कोलेबिरा | हजारीबेड़ा | सहायिका | ST | 15-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 52 | कोलेबिरा | बेसराजरा डुमरटोली | सहायिका | ST | 16-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 53 | कोलेबिरा | कनजोगा हरिजनटोली | सहायिका | OBC | 16-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 54 | कोलेबिरा | बोकबा कोयनारटोली | सहायिका | ST | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 55 | कोलेबिरा | घासीटोली बरटोली | सहायिका | ST | 17-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 56 | कोलेबिरा | टूटीकेल गझूटोली | सेविका | ST | 18-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 57 | कोलेबिरा | जालाटॉड़ | सेविका | ST | 18-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 58 | कोलेबिरा | नवाटोली | सेविका | ST | 20-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 59 | कोलेबिरा | घासीलारी | सहायिका | ST | 20-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 60 | कोलेबिरा | जोन्हा टोली | सहायिका | ST | 21-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा | |
| 61 | बोलबा | तलमंगा घांसीटोली | सहायिका | ST | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोलबा | |
| 62 | बोलबा | किलेसेरा भंडारटोली | सहायिका | ST | 16-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोलबा | |
| 63 | बोलबा | गट्टिगढ़ा | सहायिका | ST | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोलबा | |
| 64 | बोलबा | लेटाबेड़ा | सहायिका | ST | 18-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोलबा | |
| 65 | सिमडेगा | दियापत्थल पहाड़टोली | सहायिका | SC | 15-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 66 | सिमडेगा | गोतरा | सहायिका | ST | 16-01-2025 10:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 67 | सिमडेगा | गढ़ाटोली | सहायिका | OBC | 16-01-2025 12:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 68 | सिमडेगा | रामजानकी मंदिर | सहायिका | OBC | 16-01-2025 02:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 69 | सिमडेगा | करमभाडी | सहायिका | OBC | 17-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 70 | सिमडेगा | केउन्दडीह बगीचा टोली | सहायिका | ST | 17-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 71 | सिमडेगा | टोंगरी टोली | सहायिका | OBC | 18-01-2025 10:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 72 | सिमडेगा | तालाब मुहल्ला | सहायिका | OBC | 18-01-2025 12:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 73 | सिमडेगा | महतो टोली | सहायिका | ST | 18-01-2025 02:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 74 | सिमडेगा | झरियाडीपा | सहायिका | OBC | 18-01-2025 10:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 75 | सिमडेगा | झरी टोली | सहायिका | OBC | 18-01-2025 12:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 76 | सिमडेगा | भुस्कीटोंगर | सहायिका | SC | 18-01-2025 02:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 77 | सिमडेगा | गरेया | सहायिका | SC | 27-01-2025 10:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 78 | सिमडेगा | पालेडीह 2 | सहायिका | OBC | 27-01-2025 12:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 79 | सिमडेगा | नानेसेरा कायोंटोली | सहायिका | ST | 27-01-2025 02:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 80 | सिमडेगा | किन्दरडेगा – 2 | सहायिका | ST | 28-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 81 | सिमडेगा | सरईटोली | सहायिका | ST | 31-01-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 82 | सिमडेगा | बुढ़ीकुटैन | सहायिका | ST | 31-01-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 83 | सिमडेगा | चरकापत्थर | सहायिका | ST | 01-02-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 84 | सिमडेगा | तिर्रा भण्डारटोली | सहायिका | ST | 03-02-2025 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 85 | सिमडेगा | दोभाया बिरहोर कॉलोनी | सेविका | PVTG | 04-02-2025 10:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 86 | सिमडेगा | दोभाया बिरहोर कॉलोनी | सहायिका | PVTG | 04-02-2025 12:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 87 | सिमडेगा | दुखना टोली | सहायिका | ST | 04-02-2025 02:30: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 88 | सिमडेगा | सेवई बारहडिंगा | सेविका | PVTG | 05-02-2025 11:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 89 | सिमडेगा | सेवई बारहडिंगा | सहायिका | PVTG | 05-02-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा | |
| 90 | सिमडेगा | कुल्लूकेरा – 1 | सेविका | OBC | 06-02-2025 11:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 91 | सिमडेगा | फरसाबेड़ा – 1 | सेविका | ST | 06-02-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 92 | सिमडेगा | सेवई खुंटीटोली | सेविका | ST | 07-02-2025 11:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 93 | सिमडेगा | सेवई खास | सहायिका | ST | 07-02-2025 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 343414 Simdega(24-25)D

# मंहगाई की चिंता

भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई है। महंगाई नियंत्रित रही तो विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# सशक्त भारत के लिए सुशासन की आवश्यकता



-गिरीश्वर मिश्र



> भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित

आज 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत अपने इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आगे के समय में भारत की आर्थिक प्रगति वर्तमान सुधारों, तकनीकी प्रगति और जनसांख्यिकीय बदलावों से काफी प्रभावित होगी। ऐसा अनुमान है कि 2025 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मुख्यतः एक बड़े आकार वाले , युवा कार्यबल, बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू खपत से प्रेरित है।

यहां यह ध्यान रखने की बात है कि भारत केवल विकास नहीं बल्कि समावेशी विकास चाहता है जो लाखों लोगों को गरीबी और असमानता से मुक्ति दिला सके। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और फिनटेक के संतोषदायी अनुभव से प्रोत्साहित होकर भारत का डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। देश डिजिटल साक्षरता, बुनियादी ढांचे और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करके तकनीकी सेवाओं, ई-व्यापार, कृत्रिम मेधा और डेटा विज्ञान में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य बना रहा है। उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए यह लग रहा है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बदलते परिवेश में, भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर गाड़ी (ऑटोमोटिव) और औषधीय (फार्मास्युटिकल) क्षेत्रों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। दरअसल औद्योगिकीकरण और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की हमारी क्षमता ही आर्थिक मामलों में हमारी प्रगति को निश्चित करेगी। देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनना है, क्योंकि यह हरित प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ व्यवस्थाओं के अनुकूल है।

आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित चंद्र और मंगल मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह उत्तरी अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनियां) पैदा करने वाला देश हो सकता है। यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक है। परंतु देश की प्रगति सिर्फ. आर्थिक विकास पर ही निर्भर नहीं है, उसके लिए सामाजिक समावेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता भी जरूरी है। भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिससे यह अधिक समावेशी और सुलभ बन सके। कक्षाओं में प्रौद्योगिकी का अधिक एकीकरण हो सकता है, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। उच्च शिक्षा और अनुसंधान पर भारत का जोर विश्वस्तरीय संस्थानों का निर्माण कर सकता है जो वैश्विक छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। इसी तरह टेलीमेडिसिन, निदान (डायग्नोस्टिक्स) और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में प्रगति के साथ भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुलभता और कुशलता प्रभावी हो सकती है। सरकार की आयुष्मान भारत योजना (गरीबों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना) स्वास्थ्य सेवा असमानताओं को कम कर सकती है, और नई चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का विकास स्वास्थ्य सेवा उपायों के मामले में बदलाव ला सकता है।

लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है जिसके अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आशा करते हैं कि भारत में कार्यबल, राजनीति और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ेगी। शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए प्रयास निश्चित रूप से एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। गरीबी और असमानता को कम करना भारत की प्राथमिकता बनी रहेगी। आवास, पानी, स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करके वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है, जिससे लाखों लोग गरीबी से बाहर आ सकेंगे। पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु विषयक कार्रवाई आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत का लक्ष्य सौर, पवन और जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व देना है। देश अपनी ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नवीकरणीय स्त्रोतों से उत्पन्न कर सकता है, जिससे उसका कार्बन फुटप्रिंट और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो जाएगी।

आज भारत जल की कमी की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, और जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। कुशल सिंचाई और जल वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, साथ ही बेहतर नीतियों से इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिल सकती है।

बदलते भू-राजनीतिक माहौल में वैश्विक मामलों में भारत की प्रमुख भूमिका होगी तथा एशिया में अपनी रणनीतिक स्थिति का लाभ मिल सकता है। भारत का कूटनीतिक प्रभाव बढ़ता रहेगा, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में। क्वाड (अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ) के सदस्य के रूप में, भारत खुद को चीन की बढ़ती ताकत के लिए एक प्रमुख प्रतिसंतुलन के रूप में स्थापित कर रहा है। सांस्कृतिक कूटनीति, मीडिया और बॉलीवुड के माध्यम से देश की बढ़ती सॉफ्ट पावर इसकी वैश्विक स्थिति को और मजबूत कर सकती है।

उन्नत प्रौद्योगिकी , स्वदेशी रक्षा उत्पादन में वृद्धि और वैश्विक सहयोगियों के साथ बढ़े हुए सहयोग द्वारा भारत की रक्षा क्षमताएँ सुदृढ़ हो सकेंगी। भारत शांति अभियानों और संघर्ष समाधान में, विशेष रूप से अपने पड़ोस और अफ्रीका में, केंद्रीय भूमिका निभाना जारी रखेगा। वैश्विक व्यापार और निवेश को बढ़ाने की भारत की आकांक्षा से देश को बेहतर बुनियादी ढांचे, बंदरगाह सुविधाओं और अधिक प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल के साथ एशिया के लिए एक व्यापार केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, लेकिन इसमें महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन भी होंगे । भारत में शहरी आबादी बढ़ने की उम्मीद है, मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर और हैदराबाद जैसे शहर आर्थिक और नवाचार केंद्रों के रूप में विकसित होते रहेंगे।

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**झारखण्ड** में इको टूरिज्म के विकास हेतु एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। राज्य में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**एक** तरफ मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनो घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं। सरकार की शह के बिना ये संभव नहीं है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# हर साल देश से 80 हजार बच्चे कहां चले जाते हैं?

**वीना गौतम**

समस्या

**भारत** से हर दिन हजारों की संख्या में बच्चे लापता हो रहे हैं। हर साल देशभर से लगभग 80,000 से ज्यादा बच्चों के गायब होने का क्या मतलब है? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के दिसंबर 2023 में जारी आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में 83,350 बच्चे गायब हुए, जिनमें 20,380 लड़के व 62,946 लड़कियां और 24 ट्रांसजेंडर थे। इनमें ज्यादातर तलाश भी लिए गये लेकिन 2781 बच्चे हमेशा हमेशा के लिए ओझल हो गये। जबकि इसके पहले एनसीआरबी ने जो डाटा 2022 में पेश किया था, उसमें लापता हुए बच्चों की संख्या 76,069 थी। मतलब साफ है कि अगले एक साल में लापता हुए बच्चों की संख्या में तकरीबन 6000 की बढ़ोतरी हो गई। जबकि 2021 में गायब होने वाले बच्चों की संख्या सिर्फ 33,650 थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि बच्चों के गायब होने की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है।

### उपलब्ध आंकड़ों से कहीं ज्यादा बच्चे गायब

सवाल है एक तरफ जहां बच्चों की सुरक्षा के लिए हर साल नई से नई बातें कही जाती हैं, कसमें खायी जाती हैं और आधुनिक से आधुनिक उपकरण लगाकार सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। फिर भी मासूमों के गायब होने के सिलसिले में जरा भी कमी आने की बजाय बढ़ोतरी क्यों रही है? अगर इस मामले में हम एनसीआरबी के आंकड़ों की जगह उन गैरसरकारी संस्थाओं पर यकीन करें, जो बच्चों के लापता होने की समस्या में काम करती हैं, तो बच्चों के गायब होने की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा है। इनके मुताबिक तो हर साल 80-85 हजार नहीं बल्कि कई लाख बच्चे गायब हो रहे हैं। यही वजह है कि आज देश में हर एक मिनट में कम से कम दो बच्चे गायब हो रहे हैं। घर से बिछुड़कर आखिर ये मासूम कहां चले जाते हैं? क्योंकि जो बच्चे अगले एक महीने तक नहीं मिलते, घरों से गायब होने वाले ऐसे बच्चों के घर वापस न आने की आशंका करीब सौ फीसदी हो जाती है।

### सुराग नहीं मिलते

जो बच्चे गायब होने के बाद मिल जाते हैं, उनके बारे में तो हम थोड़ा-बहुत जानते भी होते हैं कि इन्हें कौन और कैसे बहला-फुसलाकर ले गया था। लेकिन जो बच्चे कभी लौटकर आये ही नहीं, उनके बारे में मां-बाप कुछ भी नहीं जानते। संचार के साधनों के बावजूद एक-डेढ़ फीसदी बच्चे गायब होने के बाद कभी वापस नहीं आते। हालांकि अपराधियों की धड़पकड़ में हाल के सालों में इजाफा हुआ है। पुलिस के पास आज पहले के मुकाबले जांच पड़ताल के बेहतर संसाधन हैं, इसके बाद भी गायब बच्चों की एक तय संख्या लौटकर घर नहीं आती, तो आखिर उनका होता क्या है? उनका कोई सुराग क्यों नहीं मिलता?

### रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के डाटा विश्लेषण के मुताबिक हर दिन हजारों की संख्या में गायब होने वाले बच्चों में से बहुत मामूली संख्या में ही बच्चे लौटकर आ पाते हैं। सैकड़ों बच्चों की तो रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती, उनके मां-बाप द्वारा कोशिश किये जाने पर पुलिस उन्हें डांटकर थाने से भगा देती है। जिन बच्चों को निठारी कांड में क्रूरता की बलि चढ़ा दिया गया था, उनके मां-बाप ने पुलिस से उनके लापता होने की शिकायतें की थीं, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान ही नहीं दिया।

### अपराध के शिकार

वास्तव में जो बच्चे कभी भी वापस घर नहीं आ पाते, वो अपराधियों के चंगुल में फंस जाते हैं। गायब होने वाली लड़कियों के साथ अकसर रेप जैसी घिनौनी वारदातें होती हैं और ज्यादातर को मार दिया जाता है। अगर इंटरनेशनल क्राइम पर नजर रखने वाले पत्रकारों की रिपोर्टें देखें तो पता चलता है कि ऐसे सैकड़ों बच्चों के अंगों की तस्करी होती है। सफेदपोश संगठन इन बच्चों के अंगों को अकसर चुपचाप निकाल लेते हैं।

बच्चे आतंकवाद का भी सबसे आसान हथियार बन जाते हैं। कुछ साल पहले आयी यूएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के सत्ता विरोधी सशस्त्र संगठनों ने बच्चों को अपने संघर्षों में हिस्सेदार बना दिया है। बच्चों के खोने की आपराधिक घटनाओं में तमाम सरकारी, गैर सरकारी प्रयासों के बावजूद कमी नहीं आ रही बल्कि खोने वालों बच्चों की तादाद लगातार बढ़ रही है।

# महाकुंभ: मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि - 13 जनवरी से 26 फरवरी तक



**केशवराजु आकारपु**

## महाकुंभ 2025

कलियुग 5126. क्रोधी नाम वर्ष मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि - 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक पवित्र गंगा जमुना सरस्वती नदियों के संगम तीर्थराज प्रयाग उत्तर प्रदेश में महाकुंभमेला आयोजित होने जा रहा है।

12 वर्षों में 'कुंभ मेला' कहा जाता है, छह वर्षों में होने वाले 'अर्थ कुंभमेला' कहा जाता है और हर साल माघ महीने में होने वाले पवित्र स्नान को 'माघीमेला' कहा जाता है। . हम जानते हैं कि 'पूर्णकलश' को 'कुंभ' कहा जाता है। कुंभ मेला खगोल में परिवर्तन के आधार पर पंचांग के अनुसार गणना करके प्रत्येक स्थान पर अलग-अलग समय पर आयोजित किया जाता है।

**पवित्र स्थान जहाँ कुम्भ मेला लगता है:**

**1. उत्तराखंड में हरिद्वार में गंगा पर,**

**2. मध्य प्रदेश के उज्जैन में शिप्रानदी में,**

**3. महाराष्ट्र के नासिक में गोदावरी नदी में**

**4. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर।**

वर्तमान में, कुंभ मेला आयोजित होने जा रहा है जहां विष्णु पादोध्भवि गंगा आकाश माध्यम से हिमालय के ऊपर पहुंचते हैं और वहां से भगवान शिव के जटाजूट में गिरकर हरिद्वार में पृथ्वी पर आकर प्रवाहित होकर प्रयागराज में जहाँ यमुना सरस्वती नदियों के साथ मिलने के 'संगम' स्थान पर मिलती है।

**इतिहास:** हमारी पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ देवलोक गए और वहां के सभी रक्षकों को हराकर अपनी दासी मां विनीता और खुद को कद्रुवा और नागों की गुलामी से मुक्त कराया।

स्वयं इंद्र भगवान ने गरुत्मान की शक्ति की सराहना करते हुए अमृत कलश को हल करके उन नागों के सामने दर्भा पर रख सकते हैं और अपनी माँ को मुक्त कर सकते हैं। उन्होंने तुरंत कहा कि वह जहरीला नागों को अमृत मिलना नहीं, उन्हें मिले बिना ही अमृत कलश को देवलोक में ले जाएंगे और उन्होंने वैसा ही किया, इसी क्रम में पृथ्वी की चार नदियों में चार स्थानों पर कलश से अमृत गिरने का



इतिहास बताया गया है। जहां गिरी हुई अमृत की बूंदों वह पवित्र स्थान माना गया और श्रद्धालु ने पवित्र स्नान किया जाता है।

**कुंभ मेले में:** कुंभ मेला सिर्फ एक पारिवारिक जमावड़ा और स्नान नहीं है, बल्कि यह पंडितों द्वारा निर्णय लेने के क्षण से ही कई उत्सव मनाए जाते हैं। कुंभ मेले में खगोल विज्ञान, ज्योतिष, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, आध्यात्मिकता, परंपराएं, सांस्कृतिक प्रथाएं और विज्ञान विद्वानों, संतों, भिक्षुओं, अनेकों द्वारा पढ़ाया जाता था, जिन्होंने महीनों तक इस क्षेत्र में डेरा डाला और पिछले 12 वर्षों में कठोरता से अभ्यास किया, जिससे नई खोजें हुईं। पूरे नये विषयों को देश के लोगों के लिए यह एक शिक्षाप्रद दृश्य। अपना भारत के बुद्धिजीवी एवं सामान्य समाज को यहां सिखाने और मार्गदर्शन करने का समय है ।

**धर्म की रक्षा के लिए:** हजारों वर्षों से चले आ रहे कुंभ मेले के दौरान कई हाथियों, घोड़ों, ऊंटों और रथों पर नागा संत, मंडलेश्वर, महामंडलेश्वर और अखाड़े (वे सैनिक जो व्यायाम के माध्यम मजबूत हो गए हैं और समाज के लिए खुद को बलिदान देने हेतु तैयार हो चुके हैं) तलवारें त्रिशूल गधा आदि पारंपरिक हथियार हाथों में लेकर कर सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे-आगे चलते हैं, जबकि पीछे-पीछे शिष्य और लाखों आम श्रद्धालु भाग लेकर श्रद्धा से 'शहिस्नान'/ पवित्र स्नान किया जाता है। कुंभ मेले में शामिल होने के लिए मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। उन सभी ने कहते हैं कि हम भी धर्म रक्षा के पक्ष में हैं, ' धर्म की रक्षा यानि अपने आप व्यक्तिगत रूप से धर्म का अभ्यास एवं 'धारना करना , वे प्रतिज्ञा लेते हैं और पवित्र स्नान करके लौट आते हैं। अपने अपने पूज्य गुरु, संत महात्मा और मठाधीश भक्तों को उपदेश देते हैं, भविष्यवाणियाँ करते हैं, हजारों पूज्य साध्वी (महिला संत) ने भी आश्रम स्थापित कर कुंभ मेले में प्रवचन एवं उपदेश, धर्मप्रभोदन करतें हैं।

**जहां सामाजिक समानता उभरती है:** देश के कोने-कोने से लाखों लोग पवित्र स्नान करने के लिए दुनिया के कई देशों से एक साथ आते हैं, क्षेत्रीय मतभेदों को भूलकर, जातियों को भूलकर और किसी भी पीढ़ीगत मतभेदों को न मानते हुए, समानता की भावना के साथ कुंभ मेले के दौरान एक साथ स्नान करते हैं। नाश्ता और दोपहर का भोजन उपलब्ध कराना, रात में विभिन्न क्षेत्रों के सांस्कृतिक प्रदर्शनों का आयोजन करना। उनके द्वारा किये गये समाज सेवा कार्यक्रमों से सभी को परिचित कराया जाता है।

# 163 साल पुराना है भारत में बजट प्रेजेंटेशन का इतिहास




## आप नहीं जानते होंगे ये 5 बातें!

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह 2019 के बाद से उनका लगातार सातवां बजट होगा। अन्य वित्त मंत्री जिन्होंने कम से कम पांच लगातार केंद्रीय बजट पेश किए हैं उनमें मोरारजी देसाई, पी. चिदम्बरम, प्रणब मुखर्जी, मनमोहन सिंह, यशवन्त सिन्हा और अरुण जेटली के नाम शामिल हैं।

### भारत में बजट प्रेजेंटेशन का इतिहास 163 साल पुराना

भारत में बजट प्रस्तुतियों की 163 साल पुरानी विरासत है। देश में पहला बजट ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के तहत 7 अप्रैल, 1860 को स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ जेम्स विल्सन द्वारा पेश किया गया था। आजादी के बाद पहला बजट 26 नवंबर 1947 को तत्कालीन वित्त मंत्री आर.के. शन्मुखम चेट्टी द्वारा पेश किया गया था। आजादी के बाद से देश में 75 वार्षिक बजट, 14 अंतरिम बजट और चार विशेष बजट पेश किये गये हैं।

### सबसे लंबा और सबसे छोटा बजट भाषण

वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2020 को सबसे लंबा भाषण देने का रिकॉर्ड बनाया, जब उन्होंने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया। वह दो घंटे 42 मिनट तक बोलीं। अपने भाषण के दौरान, सीतारमण ने जुलाई 2019 में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जब उन्होंने दो घंटे और 17 मिनट तक बोलकर अपना पहला बजट पेश किया था।

वहीं, भारत का सबसे छोटा बजट भाषण 1977 में हीरूभाई मुल्जीभाई पटेल ने दिया था, जिसमें उन्होंने सिर्फ 800 शब्द बोले थे। पटेल ने मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार के तहत 1977 से 1979 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया।

### बजट भाषण में सबसे ज्यादा शब्द

1991 में, नरसिम्हा राव सरकार के तहत तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने शब्दों के मामले में सबसे लंबा बजट भाषण दिया था, जो 18,650 शब्दों का था। अरुण जेटली ने अपने 2018 के बजट भाषण में 18,604 शब्दों का प्रयोग किया था। वह इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। जेटली को अपना भाषण पूरा करने में एक घंटा 49 मिनट का समय लगा था।

### प्रधानमंत्री द्वारा बजट प्रेजेंटेशन

वित्त मंत्री को आम तौर पर हर साल केंद्रीय बजट पेश करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। हालांकि, ऐसे भी उदाहरण हैं जब बजट देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू केंद्रीय बजट पेश करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। 1958 में, तत्कालीन वित्त मंत्री टीटी कृष्णमाचारी ने हरिदास मुंधड़ा विवाद में कथित संलिप्तता के कारण इस्तीफा दे दिया। इसलिए, पंडित नेहरू को केंद्रीय बजट पेश करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

1970 में फिर, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वित्त मंत्री मोरारजी देसाई के 14 भारतीय निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण के विरोध में उनसे परामर्श किए बिना इस्तीफा देने के बाद बजट पेश किया। इसी तरह, 1987-88 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बजट पेश किया था जब वित्त मंत्री वीपी सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

### पेपरलेस बजट

निर्मला सीतारमण ने पहला पेपरलेस बजट पेश करके कोविड महामारी से प्रभावित 2021 में एक और रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने केंद्रीय बजट 2021-22 को डिजिटल फॉर्मेट में पेश किया। वित्त मंत्री ने संसद में अपना बजट भाषण डिजिटल टैबलेट के जरिए पढ़ा। भाषण पूरा होने पर बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप के जरिए उपलब्ध कराए गए। 2023 में, सीतारमण ने पेपरलेस बजट की परंपरा को आगे बढ़ाया। जबकि 2021 में कोविड-19 के समय में शारीरिक संपर्क को कम करने के लिए पेपरलेस बजट पेश किया गया था, लेकिन अब यह चलन बन गया है।

# मनमोहन सिंह के 6 ऐतिहासिक काम: देश ही नहीं दुनिया में भी रही गूंज

**जब** वर्ष 1991 में भारत पर संकट के बादल छा गए थे और सोने को गिरवी रखना पड़ा था तब डॉ मनमोहन सिंह के ही वो फैसले थे जिन्होंने अर्थव्यवस्था को पार लगाया।

डॉ सिंह साल 2004 से लेकर साल 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि डॉ सिंह को भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान के लिए याद किया जाएगा। डॉ सिंह का भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण से लेकर अमेरिकी के साथ न्यूक्लियर डील में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जब वर्ष 1991 में भारत पर संकट के बादल छा गए थे और सोने को गिरवी रखना पड़ा था तब डॉ मनमोहन सिंह के ही वो फैसले थे जिन्होंने अर्थव्यवस्था को पार लगाया। इस संकट से उबरने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने कई बड़े आर्थिक सुधार किए जिनका जिक्र आज भी होता है। आज हम डॉ सिंह के कुछ उन्ही फैसलों पर प्रकाश डालेंगे जिनकी देश ही नहीं दुनिया में भी गूंज रही।

**जून 1991- वैश्वीकरण और उदारीकरण**

साल 1991 में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट आ गई थी। देश का फोरेक्स रिजर्व मात्र दो सप्ताह तक की आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए बचा था। तब मनमोहन सिंह की नीति ने देश को संकट से उबारा। डॉ सिंह ने न्यू इकनॉमिक पॉलिसी 1991 (ठएढ 1991) का मसौदा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। एनईपी 1991 ने न केवल उद्योग को बंदिशों से मुक्त किया, बल्कि फिस्कल और मॉनेटरी अनुशासन भी लाया जिससे बड़े पैमाने पर प्राइवेटाइजेशन का रास्ता खुला। इस नीति ने बैंकिंग क्षेत्र को भी रेगुलेटर के अतिरिक्त नियंत्रण से मुक्त कर दिया था।

**जून 2005 सूचना का अधिकार**

जून 2005 में सूचना का अधिकारी या आरटीआई (फ्ळक) अधिनियम पारित किया गया था। यह एक ऐसा कानून है जो नागरिकों को सूचना लेने का अधिकार देता है। यह अधिनियम डॉ मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते पेश किया गया था।

**सितंबर 2005- रोजगार की गारंटी**

केंद्र सरकार ने सितंबर, 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (टठफए-ऋअ) पारित किया। यह अधिनियम ग्रामीण परिवार के सदस्यों को एक वित्त वर्ष में सौ दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी देता है। इस योजना से देश में गरीबी में 32% की कमी आई और 1.4 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जाने से बचे।

**मार्च 2006 में अमेरिका से न्यू क्लियर डील**

तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बुश और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 18 जुलाई 2005 में सिविलियन न्यूक्लियर डील और बाहरी अंतरिक्ष सहयोग की योजना पर समझौते का एलान किया था। मार्च 2006 में पूरी हुई इस डील ने सभी को हैरान कर दिया था। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस ने 30 वर्षों में पहली बार भारत को असैन्य परमाणु फ़्युअल और टेक्नोलॉजी के निर्यात की अनुमति देने के लिए अमेरिकी कानून को बदलने वाले कानून को मंजूरी दी थी।

**जनवरी 2009- पहचान के लिए आधार कार्ड**

हर नागरिक की एक पहचान बना आधार कार्ड भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में लाया गया था। डॉ सिंह ने 29 सितंबर, 2010 में महाराष्ट्र के टेम्बली में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के तहत आधार परियोजना का शुभारंभ किया था। आज आधार का कार्ड इस्तेमाल स्कूल से लेकर हर जगह होता है। सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने में आधार को मददगार बनाने के मकसद से इसे लाया गया था।

# 2024 में राजकोषीय घाटे को काबू में रखने के लिए सरकार ने संसद से कम नकद खर्च की मांग की

**सरकार** फरवरी में बजट सत्र के दौरान पूरक मांगों की दूसरी किस्त पेश करेगी जिसमें वह खर्च के लिए और रकम मांग सकती है।

आम चुनावों से पहले आज वित्त मंत्रालय ने खजाने को सूझबूझ से संभालने का संकेत दिया और चालू वित्त वर्ष के लिए संसद से पूरक मांगों की पहली किस्त में केवल 58,378 करोड़ रुपये के शुद्ध नकद व्यय सहित 1.29 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त सकल खर्च की मंजूरी मांगी। मगर सरकार फरवरी में बजट सत्र के दौरान पूरक मांगों की दूसरी किस्त पेश करेगी जिसमें वह खर्च के लिए और रकम मांग सकती है।

शुद्ध नकद व्यय में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के 14,524 करोड़ रुपये सहित 70,968 करोड़ रुपये की बचत या प्रा?प्तियों का इस्तेमाल किया जाएगा। सरकार ने आक?स्मिक नि?धि से ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का अग्रिम भी लिया है।

पूरक मांगों में नए मद में व्यय, जो बजट में पहले से शामिल नहीं थे और मौजूदा योजनाओं पर खर्च में वृद्धि पर होने वाले व्यय शामिल हैं। अतिरिक्त व्यय में खाद सब्सिडी (13,351 करोड़ रुपये), खाद्य स?ब्सिडी (10,396 करोड़ रुपये), गारंटी मोचन नि?धि (9,014 करोड़ रुपये) और रक्षा व्यय (5,626 करोड़ रुपये) का खर्च भी शामिल है।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ह्यपूरक अनुदान मांगों में शुद्ध नकद व्यय अपेक्षाकृत कम है और अन्य विभागों में की गई बचत से इसकी भरपाई की जा सकती है। इससे राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से अ?धिक होने का जो?खिम नहीं है।ह्न

58,378 करोड़ रुपये के शुद्ध नकद व्यय में से 53,858 करोड़ रुपये राजस्व व्यय के लिए और 4,520 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही 13,351 करोड़ रुपये पोषक आधारित स?ब्सिडी योजना के लिए आवंटित किए गए हैं। इसमें देश की आक?स्मिक नि?धि से स्वीकृत 5,000 करोड़ रुपये की अग्रिम रा?शि की वसूली और प्रधानमंत्री गरीब अन्यय योजना के लिए 5,589 करोड़ रुपये शामिल है। इस योजना को 31 दिसंबर, 2023 से अगले 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि सरकार ने गैस की कीमतों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक स?ब्सिडी पर सख्ती दिखाई है। सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए अ?धिक रकम आवंटित की है क्योंकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा, ह्यआम चुनाव से पहले किसी भी सूरत में यह सुनि?श्चित करना आवश्यक है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत रहे। अब अन्य समान स्थितियों में राजकोषीय घाटे में शुद्ध रूप से करीब 58,000 करोड़ रुपये का इजाफा होगा। मगर नॉमिनल कीमतों पर जीडीपी अधिक होगी और इसलिए अनुपात को 5.9 फीसदी पर सीमित किया जा सकता है।ह्न

सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 फीसदी पर ही रोकने का लक्ष्य रखा है। चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों के दौरान सरकार राजकोषीय घाटे के अपने 17.9 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य का महज 45 फीसदी ही हासिल कर पाई है।

# 2025 में बेहतर स्थिति में हैं देश के बैंक

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस हफ्ते भारत में बैंकिंग की रुझान एवं प्रगति रिपोर्ट 2022-23 जारी की जिसमें सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह निकल कर आई है कि देश का बैंकिंग क्षेत्र पिछले एक दशक के किसी भी समय की तुलना में सबसे बेहतर स्थिति में है। बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) यानी कुल फंसा कर्ज 10-वर्ष के निचले स्तर पर है।

मार्च 2023 के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए जीएनपीए घटकर 3.9 प्रतिशत हो गई और सितंबर 2023 के अंत में यह और कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर चली गई। इस तथ्य पर गौर करना महत्त्वपूर्ण है कि पिछले दशक के शुरूआती वर्षों के दौरान वृहद आर्थिक परिस्थितियों और लचीले ऋण मानकों के कारण भारतीय बैंकिंग प्रणाली पर काफी दबाव बनने लगा था।

बैंकिंग तंत्र में दबाव और कंपनियों की बैलेंसशीट में ऋण का अधिक हिस्सा होने के कारण निजी निवेश प्रभावित हुआ और इसका असर समग्र आर्थिक वृद्धि पर भी पड़ा। अब कॉरपोरेट और बैंक बैलेंसशीट दोनों ही बेहतर स्थिति में हैं, ऐसे में निवेश से जुड़ी स्थितियां अधिक अनुकूल हो गई हैं।

कारोबारी प्रदर्शन के संदर्भ में भी देखा जाए तो वर्ष 2022-23 में बैंक बैलेंसशीट में 12.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इस तरह इसमें नौ वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज की गई है। ऐसा ऋण वितरण में आई तेज वृद्धि के कारण हुआ जो एक दशक में सबसे अधिक है। जमाओं की वृद्धि की रफ्तार भी बढ़ी, लेकिन यह ऋण वृद्धि से धीमी थी जिसके परिणामस्वरूप बाजार से उधार लेना पड़ा।

बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख संकेतक बेहतर स्थिति में दिख रहे हैं लेकिन नियामक कुछ हद तक असुरक्षित ऋण की वृद्धि को लेकर चिंतित है। आरबीआई के अनुसार, असुरक्षित अग्रिम ऋण का हिस्सा मार्च 2015 से बढ़ रहा है और यह मार्च 2023 में 25.5 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया। नतीजतन, आरबीआई ने नवंबर में उपभोक्ता ऋण की कुछ श्रेणियों के लिए जोखिम भार बढ़ा दिया ताकि ऐसे ऋण की वृद्धि नियंत्रित की जा सके।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के असुरक्षित ऋण में भी तेजी देखी गई। इसके परिणामस्वरूप, असुरक्षित ऋणों का हिस्सा मार्च 2023 के अंत में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया जबकि पिछले वर्ष यह 27.6 प्रतिशत था। बैंकों और एनबीएफसी दोनों के असुरक्षित ऋण में वृद्धि पर ध्यान दिए जाने के साथ ही दोनों के परस्पर संबंध पर भी गौर करने की आवश्यकता है। वर्ष 2022-23 में एनबीएफसी क्षेत्र के लिए बैंक ऋण, प्रमुख फंडिंग का स्रोत बन गया। अहम बात यह है कि एनबीएफसी न केवल बैंकों से सीधे उधार लेते हैं, बल्कि बैंक, एनबीएफसी द्वारा जारी ऋण योजनाएं भी खरीदते हैं।

बैंकों और एनबीएफसी दोनों के असुरक्षित ऋण में वृद्धि और इसके बीच दिखते संबंध वास्तव में दबाव के इस दौर में प्रणालीगत जोखिम बढ़ा सकते हैं। हालांकि रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों से ऋण लेते हैं और दोनों के बीच अंतर्संबंध भी अब कम हो रहा है। लेकिन भारत में परिस्थितियां बिल्कुल उलट हैं।

निश्चित रूप से, एनबीएफसी उन कारोबारों और उपभोक्ताओं को ऋण देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिन्हें बैंकिंग प्रणाली से यह मदद नहीं मिल पाती है। हालांकि, प्रणालीगत जोखिम से बचने के लिए एनबीएफसी की फंडिंग की बारीकी से निगरानी करने की जरूरत है।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सरकारी बैंकों की पकड़ लगातार ढीली पड़ रही है। पिछले वित्त वर्ष में कुल बैंक बैलेंसशीट में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी एक प्रतिशत अंक कम होकर 57.6 प्रतिशत हो गई, वहीं निजी बैंकों की हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ी है।

इसके अलावा, कुल बैंक बैलेंसशीट में बहुत छोटी हिस्सेदारी के बावजूद, निजी बैंक अधिक मुनाफा देने में सफल हैं। यह दशार्ता है कि निजी क्षेत्र के बैंक अधिक प्रतिस्पर्धी हैं और आने वाले वर्षों में उनकी बाजार

# 2024-25 स्वच्छ भारत मिशन- साफ होते शहर-गांव

**आर.के. सिन्हा**

**करीब** नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आए, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुनर्जागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है।

गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधीजी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों में से छठा था जो गांधीजी ने उस पुस्तिका में बताए थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे।

आज गांधीजी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि गाँधी के नाम पर राजनीति करने वाले किसी कांग्रेसी सरकार ने इसके ऊपर कोई ध्यान तक नहीं दिया। स्वच्छ भारत मिशन इन नौ साल में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सड़कें साफ-सुथरी दिखती हैं, गलियों में कूड़ा नहीं दिखता। चाहे पर्यटन स्थल हों या रेलवे स्टेशन। हर जगह सफाई दिखती है।

देश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आजतक 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। बात अगर उन राज्यों की करें जिन्होंने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव हासिल किए हैं वे हैं- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नागर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली और दमन दीव, जम्मू और कश्मीर और सिक्किम में 100 प्रतिशत ओडीएफ




प्लस मॉडल गांव हैं। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयास इस मील के पत्थर तक पहुंचने में सहायक रहे हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किये गये स्वच्छ भारत मिशन के नौ वर्ष पूरे हो गये हैं। 75 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि देश स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में ही हम ओडीएफ से ओडीएफ प्लस में आ गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन शहरीकरण की चुनौतियों के समाधान की राह दिखा रहा है। ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण और प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पुराने डंपसाइटों की खस्ताहाल स्थिति को दुरूस्त करने पर भी भरपूर ध्यान दिया जा रहा है। इससे सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स 2030 के लक्ष्यों को भी प्राप्त करने में आसानी होगी।

यहां उन सफाई मित्रों का जिक्र जरूरी है, जिनके कंधों पर इसके कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी है। इन नौ सालों में सफाई मित्र सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। सफाई मित्रों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के साथ बेहतर तरीके से जीने की स्थिति और आजीविका के विकल्प प्रदान करने की पहल सरकार ने की है। मेनहोल को मशीन होल में बदलने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है। इसके लिए कई शहरों में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। सफाई मित्र अब कीचड़ हटाने वाले उपकरणों से लेकर आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। लगभग 25 प्रतिशत शहरों में पहले से ही इस तरह के पर्याप्त उपकरण उपलब्ध थे जिनका सही ढंग से पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था । लेकिन, अब अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में डवलपमेंट स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए एक बेहतर वातावरण का निर्माण करने के लिए एएफडी (एजेंस फ्रांसेइस डे डेवलपमेंट) और डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के सहयोग से एक 'स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज' भी शुरू किया गया था। अपशिष्ट प्रबंधन में अतिरिक्त स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से कुल 75 स्टार्टअप को फंडिंग सहायता प्रदान करने की योजना बनाई है।

मूल रूप से एक प्रतिस्पर्धी मॉनिटरिंग टूल के रूप में डिजाइन किया गया और स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य शहरों को फास्ट-ट्रैक प्रतिस्पर्धी तरीके से स्थायी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करना था। वर्तमान में यह अपने 8वें संस्करण में लगभग 4500 शहरी स्थानीय निकायों को कवर करता है।

नारी शक्ति के बहुमुखी योगदान ने स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत किया। संक्षेप में कहा जा सकता है कि स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता पैदा हुई है। यह कोई सामान्य बात नहीं है।

वर्ना हमारे यहां इस महत्वपूर्ण विषय पर तो पहले कभी ध्यान ही नहीं दिया गया।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# श्रीमद भागवत की कथा मनुष्य को ईश्वर के साथ जोड़ती है : आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी

स्पीड न्यूज

### करणी सेना ने दिवंगत आयुष को दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। क्षत्रिय करणी सेना परिवार से जुड़े गोविंदपुर के रहने वाले आयुष सिंह चौहान जिनकी मृत्यु बीते दिनों सड़क दुर्घटना में हो गई थी,उनके परिवार से मिलने करणी सेना के सभी पदाधिकारीगण और सदस्यों ने घर जा कर अपना दुख जताया और परिजनों का ढांढस बंधाया । प्रदेश और जिला के सभी पदाधिकारियों ने आयुष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी । साथ ही सभी ने मिलकर निर्णय लिया की 5 जनवरी को होने वाली क्षत्रिय करणी सेना का वनभोज को तत्काल स्थगित कर इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का निर्णय लिया । मौके पर मौजूद समाजसेवी कमलेश सिंह,चंद्रशेखर सिंह, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह,जिलाध्यक्ष संजय सिंह,युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह,विकास सिंह,रोहित सिंह,मधु सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### रोटरी क्लब के कार्यक्रम में आपातकालीन सेवाओं के जनक होगें शामिल

जमशेदपुर। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने 3 जनवरी शुक्रवार की शाम को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें 108 आपातकालीन सेवाओं के संस्थापक डॉ सुधाकर वाराणसी मुख्य वक्ता होंगे। यह कार्यक्रम बेल्डीह ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे होगा, जिसमें फेलोशिप भी शामिल है। यह जानकारी रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी ने गुरूवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि डॉ सुधाकर, एक अग्रणी आपातकालीन चिकित्सा सेवा विशेषज्ञ, अपनी प्रेरणादायक यात्रा और 108 सेवाओं की स्थापना में आई चुनौतियों पर प्रकाश डालेंगे। यह कार्यक्रम उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और सार्वजनिक सेवा के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने सभी रोटेरियन और आगंतुकों से अनुरोध किया है कि वे इस प्रेरणादायक शाम का हिस्सा बनें।

### गम्हरिया : साई कल्पना अपार्टमेंट के पांच फ्लैटों में चोरी

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सातवाहिनी जुलुमताड़ स्थित साईं कल्पना अपार्टमेंट में बीते बुधवार की रात चोरों ने पांच फ्लैट के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह हुई, जब स्थानीय लोगों ने ताले टूटे देखे। तत्पश्चात उन्होंने घटना की सूचना आदित्यपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अपार्टमेंट के सिक्योरिटी सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीरें कैद हो गई हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, जिन फ्लैटों में चोरी हुई है उनके गृहस्वामी बाहर गए हुए थे। कुछ फ्लैट महीनों से बंद थे, जबकि कुछ विगत दस दिनों से खाली थे। जिन फ्लैटों में चोरी हुई है उनमें ए ब्लॉक प्रथम फ्लोर में उमाशंकर प्रसाद का फ्लैट, पांचवें फ्लोर में डॉ. एनके. यादव, बी ब्लॉक में प्रशांत कुमार और अशोक चौधरी के घर तथा सी ब्लॉक में राजीव रंजन सिंह के फ्लैट में चोरी की घटना हुई है। इस घटना से प्रतीत होता है कि चोरों ने कई दिनों तक बंद फ्लैटों की रेकी की थी। उसके बाद मौके का फायदा उठाकर ताले तोड़े और घरों को खंगाल दिया। कितने की चोरी हुई है, यह फ्लैट मालिकों के लौटने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हालांकि, अनुमान लगाया जा रहा है कि यह चोरी लाखों में हो सकती है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। फ्लैट निवासियों को जल्द से जल्द लौटने को कहा गया है ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। महालक्ष्मी मंदिर में श्रीमद्भागवत पुस्तिका का पूजन हुआ। फिर पुरुष यजमानों ने माथे पर पोथी धारण की एवं महिलाओं ने कलश उठाया। सभी यजमान जोड़े में शोभायात्रा में शामिल होकर धालभूम क्लब ग्राउंड पहुंचे। यात्रा आगे आगे पंडितों ने ध्वज ले रखे थे, वहीं कथा वाचक बांकेबिहारी जी गोस्वामी रथ पर विराजमान थे।

### मथुरा वृंदावन से पधारे 108 पंडितों ने आरंभ किया पाठ

धालभूम ग्राउंड पहुंच कर यजमानों ने मथुरा वृंदावन से पधारे 108 पंडितों का वरण किया एवं उन्हें श्रीमद्भागवत बांचने का संकल्प दिया। उसके बाद आज से पंडितों ने भागवत का मूल पाठ आरंभ किया।



भागवत कथा का मूल पाठ करते 108 पंडित।

### श्रीमद भागवत कथा का पहला दिन

पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मलेन के तत्वाधान में आयोजित कथा सप्ताह में भागवत मर्मज्ञ आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी ने भागवत कथा प्रारंभ की। कथा के पहले दिन उन्होंने शुकदेव जी का चरित्र और भागवत जी की महिमा बतलाई। श्रीमद भागवत जी हर मनुष्य के लिए अनुकरणीय और प्रासंगिक है, इसपर प्रकाश डालते हुए पूज्य गोस्वामी जी महाराज ने बतलाया कि श्रीमद भागवत की कथा मनुष्य को ईश्वर के साथ जोड़ देती है। भगवान की भक्ति से मनुष्य अपने पापों से मुक्त हो जाता है। देवर्षि नारद द्वारा गंगाजी के तट पर श्रीमदभागवत कथा का आयोजन करवाया जाना, कथा श्रवण से ज्ञान और वैराग्य का यौवन लौटना इत्यादि प्रसंग सुनाए गए।

### देखते ही बन रही थी कथा स्थल की छटा

पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मलेन द्वारा कथा स्थल पर बहुत ही अनुपम व्यवस्था की गयी है, चाहे व्यास पीठ की सजावट हो या पूजन वेदी या गौ पूजन हेतु निर्मित गौशाला। सभी व्यवस्था बहुत ही सुचारु रूप से संचालित हो रही थी।

### ये रहे उपस्थित

गुरुवार की कथा में प्रमुख रूप से संतोष खेतान, बालमुकुंद गोयल, महाबीर प्रसाद अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विजय मित्तल, अशोक चौधरी, शंकर गुप्ता, दीपक भालोटिया, जीवन नरेड़ी, संजय पलसानिया, संतोष अग्रवाल, ओमप्रकाश रिंगसिया, विजय आनंद मूनका, कमल किशोर अग्रवाल, सांवर लाल शर्मा उपस्थित थे।

### कार्यकर्ता रहे सक्रिय

कथा के सफल और सुचारु आयोजन मे अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मंटु अग्रवाल, अजय भालोटिया, लिप्पू शर्मा, सुरेश कवंटिया, उमेश खीरवाल, सन्नी संघी, बजरंगलाल अग्रवाल, निर्मल पटवारी, अंजू चेतानी, कविता अग्रवाल, ऊषा चौधरी इत्यादि की सराहनीय भूमिका रही।

# सोनारी : कारमेल स्कूल के पीछे दिन दहाड़े युवक को मारी गोली, मौत



अस्पताल में सूरज प्रमाणिक का शव।



हत्या स्थल पर जांच करने पहुंचे सिटी एसपी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर सोनारी थाना क्षेत्र के कारमेल स्कूल के पूछे मैदान मे गोली मार कर एक युवक की हत्या कर दी गईं। जिससे पुरे इलाके मे सनसनी फैल गईं।

### हत्या का कारण पुरानी रंजिश माना जा रहा है

जानकारी के मुताबिक मृतक सूरज परमानिक 10 साल पहले सोनारी इलाका छोड़ कर परसुडीह इलाके मे रहने लगा था। क्षेत्र मे गैंगवार के कारण उसने इलाका छोड़ दिया था, कुछ दिनों से वह फिर सोनारी इलाके मे आना जाना शुरू किया था।

गुरुवार को सूरज प्रमाणिक अपने ऑटो स्कूल के पीछे मैदान मे खड़ा कर उस पर बैठा हुआ था। उस समय अपराधी वंहा पहुंचे और सूरज पर गोली चलाया, जिसके बाद सूरज वंहा से भागने लगा। अपराधियों ने सूरज को दौड़ा कर गोली मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन मे जुट गईं। फिलहाल पुलिस सूरज परमानिक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुरे मामले की छानबीन मे जुट गईं है। हत्या का कारण पुरानी रंजिस भी माना जा रहा है।

## गदड़ा चौक का नामकरण शहीद पोटो हो चौक किया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। ग्राम गदड़ा चौक को कोल्हान वीर शहीद फोटो के नाम पर नामकरण हेतु मुंडा सुकलाल हेंब्रम की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न किया गया। दिउरी श्री चैतन पूर्ति ने शिलापट का हो समुदाय में प्रचलित पारंपरिक तरीके से ग्राम के देसाउली , नगे एरा एवं बिंदी ऐरा की पूजा अर्चना ( बोंगा ) कर शिलापट का शिलान्यास किया गया। विदित हो कि पोटो हो या पोटो सरदार एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने 1837 में हो आदिवासियों के साथ ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के विरुद्ध विद्रोह किया था। वे ब्रिटिश शासन के खिलाफ वर्तमान झारखण्ड के सेरेंगसिया घाटी युद्ध के नायक थे। सेरेंगसिया घाटी युद्ध के नायक थे राजाबासा में जन्मे पोटो हो के नेतृत्व में 8 नवंबर,1837 में अंग्रेजी फौज को अपने साथियों के सहयोग से हराया। 8 दिसंबर 1837 को पोटो हो, देवी हो, बोड़ो हो, बुड़ई हो, नारा हो, पंडुवा हो, भुगनी हो समेत अन्य पकड़ लिए गए।



## प्रखंडों में दिव्यांगता शिविर 11 से 27 जनवरी तक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सभी शिविरों में अस्थि, ईएनटी, मनोरोग, नेत्र रोग, ऑडियोलॉजिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों की रहेगी प्रतिनियुक्ति**

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला में प्रखण्ड स्तर पर दिव्यांगता शिविर का आयोजन आगामी 11 जनवरी से 27 फरवरी तक किया जाएगा ।

साथ ही शहरी क्षेत्र में मानगो में भी दिव्यांगता शिविर प्रस्तावित है। शिविर के सफल आयोजन को लेकर सिविल सर्जन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी शिविरो में अस्थि रोग विशेषज्ञ, इएनटी रोग विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑडियोलॉजिस्ट, विलीनिकल साइकोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति रहेगी। उपायुक्त द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार सभी शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए दिव्यांगजनों की जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने का निदेश दिया गया है।

### किस प्रखंड में कहा और कब लगेगा शिविर

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोटका- 11.01.2025
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटमदा- 20.01.2025
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुड़ाबांदा- 24.01.2025
4. अनुमण्डल अस्पताल, घाटशिला- 28.01.2025
5. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धालभूमगढ- 05.02.2025
6. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुसाबनी- 10.02.2025
7. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चाकुलिया- 13.02.2025
8. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बोड़ाम- 17.02.2025
9. गांधी मैदान, मानगो- 21.02.2025
10. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहरागोड़ा- 24.02.2025
11. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डुमरिया- 27.02.2025

## टीजीएस में केक कटिंग कार्यक्रम में कामगार सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

गम्हरिया। टीजीएस में नव वर्ष के उपलक्ष्य में केक कटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टीजीएस के जीएम शरद शर्मा ने कंपनी के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और संघर्ष के बल पर हम चुनौतियों का सामना कर लक्ष्य हासिल कर सकते है। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नए साल में आप विकास का लक्ष्य तैयार कर सफलता हासिल करें। विकास में कर्मचारियों एवं प्रबंधन के अधिकारियों का सहयोग परस्पर है।



इस दौरान लागत बचत और डिजिटलीकरण पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम टिस्को मजदूर यूनियन के महासचिव शिव लखन सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर कई कर्मचारियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिव लखन सिंह, नवीन कुमार सिन्हा, दिलीप महतो, डी. उपाध्याय, ओपी पाठक, प्रभु कर्ण, कौशल कुमार, रंजन कुमार और मिंटू पात्रा समेत सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## नया कल्याण छात्रावास बनाने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आई.टी.डी.ए एवं कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई । परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिल शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, साइकिल वितरण, बिरसा आवास, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरना/ मसना/ आदि विभागीय योजनाओं में अद्यतन प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सभी प्रखंडों से आवश्यकतानुरूप आकलन कर नया कल्याण छात्रावास बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया गया। वहीं इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किए जाने एवं लाभान्वित करने का निर्देश दिय गया।

## एक नजर में

### बेंगलुरू एफसी और जमशेदपुर एफसी के बीच मुकाबला चार को, बिक गये 13,000 टिकट





जमशेदपुर। स्टील सिटी में उत्साह का माहौल है, क्योंकि 4 जनवरी को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी के मैच के लिए 13,000 से अधिक टिकट बिक चुके हैं। आईएसएल तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद मेन ऑफ स्टील अपनी जीत की राह जारी रखना चाहते हैं और अंक तालिका में ऊपर चढ़ना चाहते हैं। इस बीच, बेंगलुरु एफसी दूसरे स्थान पर है, जो एक रोमांचक स्टील डर्बी मुकाबले के लिए मंच तैयार कर रहा है। फैंस इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और स्टेडियम में बिजली जैसा माहौल प्रशंसकों के जोशीले समर्थन से और भी अधिक होने की उम्मीद है। हर मैच में औसतन 20,000 फैंस की उपस्थिति के साथ, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शोर और उत्साह से भरपूर होने वाला है। मैच के टिकट अभी भी स्ट्रेट माइल रोड पर गेट नंबर 1 के बगल में स्थित बॉक्स ऑफिस से या ऑनलाइन टिकटजेनी. ईन के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं। नॉर्थ और साउथ स्टैंड के लिए टिकट की कीमत 50 रुपये, ईस्ट उपर और वेस्ट उपर स्टैंड के लिए 150 रुपये, ईस्ट और वेस्ट लोअर स्टैंड के लिए 250 रुपये, वीआईपी सीटों के लिए 499 रुपये और हॉस्पिटैलिटी टिकटों के लिए 3,000 रुपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा प्रशंसक टिकटजेनी.इन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं और ईमेल और फोन पर अपने डिजिटल टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इस सीजन में, जमशेदपुर एफसी ने स्टेडियम में एक डिजिटल प्रवेश प्रणाली शुरू की है, जिससे डिजिटल टिकट खरीदने वाले फैंस ईमेल या टेक्स्ट संदेश के माध्यम से प्राप्त क्यूआर कोड को स्कैन करके स्टेडियम में प्रवेश कर सकते हैं। रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार होने के साथ, जमशेदपुर एफसी फैंस के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।

### चौकादार भर्ती लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल 7 से 9 जनवरी तक

जमशेदपुर। चौकीदार सीधी भर्ती लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का औपबंधिक परीक्षाफल एवं अंतिम उत्तर कुंजी जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक माप एवं जाँच हेतु पुलिस लाइन गोलमुरी में प्रातः 7 बजे से निम्नवत तिथि निर्धारित की गयी है–
1. 7 जनवरी को परीक्षाफल सूची पृष्ठ संख्या 1 से 02 तक में अंकित रॉल नम्बर,
2. 8 जनवरी 2025 को परीक्षाफल सूची पृष्ठ सं. 03 से 04 तक में अंकित रॉल नम्बर वाले अभ्यर्थी
3. 9 जनवरी को पृष्ठ संख्या 05 से 06 तक में अंकित रॉल नम्बर वाले अभ्यर्थी

### गोंडासाई में विजेताओं को विधायक ने बांटे पुरस्कार



सोनुवा। सोनुवा प्रखंड के गोंडासाई उड़ानचौका स्कूल मैदान में नववर्ष के मौके पर ए वन यंग कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में पोड़ाहाट पंचायत के मुखिया जोसेफ मुर्मू उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक जगत माझी को आदिवासी रीति रिवाज से नृत्य करते हुए मंच तक स्वागत किया गया। मौके पर विधायक जगत माझी ने विभिन्न प्रतिस्पर्धा के विजेताओं पुरस्कृत किया। मौके पर सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी प्रताप सामाड, पंचायत समिति सदस्य कोलाई केराई, अध्यक्ष बालसिंह सोय, उपाध्याक्ष बुधन सिंह कुम्हार, खेल संचालन मन मोहन बांदिया, शैलेश बांदिया भोला बांदिया, गणेश बांदिया, झामुमो नेता हेमचंद महतो, बन बिहारी प्रधान, जोटो सुरीन, रामप्रेस महतो एवं ए वन यंग कमेटी के सदस्य व ग्रामीण खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक सविता महतो ने किया उद्घाटन



चांडिल। गुरुवार को चिलगु में नव वर्ष के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के दुसरे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ईचागढ के विधायक सविता महतो ने फिता काटकर मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर चारूचांद किस्कू, चांडिल के पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश लायेक, काब्लू महतो, दिलीप महतो, ग्राम प्रधान रविंद्रनाथ तंतुबाई, नेपाल गोप, शैलेश गोप, बादल महतो, शिव शंकर लायेक, जगदीश गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शास्त्रीनगर में डा. मनमोहन सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा संपन्न



जमशेदपुर। गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर की अध्यक्षता में गुरुवार को आवासीय कार्यालय शास्त्रीनगर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आत्मा के शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि 10 वर्षो में प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा। इस सभा में बबलू झा जिला उपाध्यक्ष, बादशाह जिला सचिव, सुल्तान अहमद, शमीम गदी, अमित दूबे, शशि भूषण प्रसाद अजितेश उज्जैन, राजेश ढाकुर, दीपक, बीजू नाग, काके सिंह, मो आसिफ, अजय महतो, करण सोनकर मौजूद थे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने पीवीटीजी समुदायों के साथ मनाया नववर्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

सुकिंदा/जमशेदपुर। टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने बुधवार को सुकिंदा क्षेत्र के मंकड़िया समुदायों के साथ नववर्ष 2025 का जश्न मनाया। पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) के अंतर्गत आने वाले कालारंगियाटा गांव में फाउंडेशन ने केक कटिंग समारोह आयोजित किया, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। गांव के 200 से अधिक आदिवासियों, जिनमें 100 बच्चे शामिल थे, ने उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया और 2024 के सफलतापूर्वक बीतने के लिए ईश्वर का आभार व्यक्त करते हुए नववर्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस खुशी के माहौल को और भी खास बनाया टाटा स्टील के एफएएमडी के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा, चीफ ऑफ माइंस शंभुनाथ झा, हेड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रमोद कुमार और अन्य अधिकारियों ने। उन्होंने गांव में अपनी उपस्थिति से न केवल समुदाय के साथ समय बिताया, बल्कि मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। पंकज सतीजा ने कहा, हमारी सांस्कृतिक परंपराएं हमारी असली ताकत हैं। इन्हें संरक्षित रखते हुए आधुनिक अवसरों का लाभ उठाना एक उज्जवल और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।



जनजातीय समुदाय के साथ केक काटते पंकज सतीजा।

### नव वर्ष के उपलक्ष्य पर टीआरएफ में केक कटींग का कार्यक्रम आयोजित

जमशेदपुर। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर टीआरएफ कंपनी परिसर में केक कटींग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कंपनी के प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह, सीएचआरओ अभिजीत सिंह, टीआरएफ लेबर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय, महामंत्री अंजनी कुमार ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस मौके पर उमेश कुमार सिंह ने पिछले वर्ष के उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कर्मचारियों की कर्मठता एवं ईमानदारी पर विश्वास करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर भविष्य में आने वाली चुनौतियां का सामना करने में सफल रहेंगे। राकेश्वर पाण्डेय ने कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कंपनी के प्रबंध निदेशक की कुशलता से कंपनी आने वाले हर चुनौतियों का सामना आसानी से कर लेगी। संचालन अभिजीत सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अंजनी कुमार ने दिया।



## स्पीड न्यूज

### पीएम आवास के लिए मुखिया व पंचायत सचिव पर रिश्वत मांगने का आरोप



चैनपुर(पलामू)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुगांवा पंचायत निवासी नेहा कुमारी पति दीपक पांडेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया हैं कि पंचायत के मुखिया धनवंती देवी पति दिलीप पासवान व पंचायत सचिव योगेंद्र राम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को मिल रहें आवास में लाभुक को योग्य करने के लिए 20 हजार रुपए का रिश्वत का मांग लाभुक से किया गया। जब लाभुक द्वारा इसका विरोध किया गया तो मुखिया व पंचायत सचिव ने मिलकर योग्य लाभुक के द्वारा रिश्वत नहीं दिए जाने पर अयोग्य कर दिया गया जिसकी शिकायत करते करते लाभुक थक चुकी हैं। लाभुक नेहा कुमारी को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किस अधिकारी के पास जाए कि प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सकें।

### डालसा की पहल पर जले हुए नाबालिग का इलाज शुरू

मेदिनीनगर। एक मानसिक बीमारी से ग्रसित नाबालिग को जब फरका आया तो आग सेकते ही आग में गिर पड़ा जिससे वह बुरी तरह जल गया था। एकाएक इस घटना की जानकारी पीएलवी डॉ शैल शिखा को हुई तो उन्होंने तुरंत उसके स्थिति का जायजा लेने उसके आश्रय स्थल पहुचीं। वह बालक अपने पिता के साथ उसी झोपड़ी में किसी तरह रहकर अपना जीवन निर्वहन कर रहा था। उसके माता का निधन पहले ही हो चुका है। बच्चे के पिता घटना के एक सप्ताह तक इलाज नहीं होने दे रहे थे। संयोग ऐसा की पीएलवी की नजर उस बच्चे पर पड़ी तो पीएलवी ने बच्चे की जल जाने की सूचना व इलाज नही हो पाने की जानकारी डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव को दी। डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने तत्काल पीएलवी भागीरथी दुबे को बच्चे के पास भेजकर व उसके पिता को समझा बुझाकर बच्चे को पलामू मेडिकल कॉलेज एन्ड अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज बर्न वार्ड में चल रहा है। बच्चे का ड्रेसिंग दवा चल रहा है। वही बच्चे पर निगरानी के लिए पीएलभी को लगाया गया है। विदित हो कि पीएलवी डॉ शैल शिखा लीगल सर्विसेज यूनिट फॉर चिल्ड्रेन की सदस्य हैं। यूनिट का गठन नालसा व झालसा के निर्देशानुसार एक माह पूर्व ही किया गया है। डॉ शैल शिखा इसका प्रशिक्षण एक माह पूर्व ही ली थी। डॉ शैल शिखा ऐसे बच्चे को पता लगाकर मदद पहुंचा रही हैं।

### अधिवक्ता संघ ने नव वर्ष पर पीडीजे को पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत



मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक गुरुवार को संयुक्त रूप से पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव से उनके बेसन में मुलाकात कर नव वर्ष 2025 की शुभकामना दी। इस मौके पर लोगो ने पीडीजे को गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। बिदित हो कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियो के द्वारा नव वर्ष के अवसर पर न्यायालय खुलने के पहले दिन शुभकामना दी गई। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि पलामू पलामू जिला में बार और बेंच का संबंध शुरू से ही मधुर रहा है। बार बेंच एक दूसरे के सहयोगी रहे हैं। हम लोग एक दूसरे के साथ मिलकर न्यायहित में काम करते हैं। ऐसे में बार व बेंच का संबंध मधुर होता है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ हमेशा बेंच के साथ कदम में कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

### हिसरा बरवाडीह में बना हल्का कर्मचारी भवन का किया जा रहा दुरुपयोग



पाटन पलामू। प्रखंड के हिसरा बरवाडीह ग्राम में बना हल्का कर्मचारी भवन का दुरुपयोग किया जा रहा है। भवन में अज्ञात लोगों के द्वारा समान रखा गया है। भवन में छड़ सिमेंट इत्यादि रखा हुआ पाया गया। भवन में निजी समान रख कर बगल में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है। हल्का कर्मचारी भवन का निर्माण लगभग एक वर्ष पहले किया गया है लेकिन कोई भी अंचल कर्मी नहीं रहते हैं। हल्का कर्मचारी भवन का दुरुपयोग करने की सुचना मिडिया कर्मी ने पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव को दिया। इस पर पाटन सीओ राकेश ने संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई किया तथा भवन से तुरंत रखे हुए सामान को हटाने का निर्देश हल्का कर्मचारी को दिया। साथ ही भविष्य में भवन को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश हल्का कर्मचारी को दिया। सीओ ने बताया कि पाटन प्रखंड में जहां भी हल्का कर्मचारी भवन बनाया गया है सभी का निरीक्षण किया जायेगा। हल्का कर्मचारी भवन में बैठक काम करें यह निर्देश दिया जायेगा। जहां भी ऐसी सुचना मिलेगी सबंधित हल्का कर्मचारी पर कार्रवाई किया जायेगा।

### नव वर्ष में छह मुहान पर चला सघन जांच अभियान दर्जनों वाहन जब्त



मेदिनीनगर। नव वर्ष के पहले दिन भी ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा शहर के छह मुहान के पास सघन जॉच अभियान चलाया गया। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। जिसमें से 14 दोपहिया वाहन गाड़ियों को पकड़ कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। गुरूवार को जिला परिवहन कार्यालय से 2 दोपहिया वाहन गाड़ियों के शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे जिनका चालान फाइंड राशि 21500 रुपया आया है और 1 बोलोरो गाड़ी के चालक शराब पीकर चला रहे थे उनका भी चालान फाइन राशि 11000 आया है। 10 दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल का चालान फाइन राशि 17000 आया है। टोटल चालान फाइंन राशि 49150 रुपया आया है।

### मनातू अंचलाधिकारी को भाजपाइयों ने बुके देकर किया स्वागत



पांकी पलामू। मनातू प्रखंड अंचल अधिकारी मदन कुमार सुमन से भारतीय जनता पार्टी मनातू प्रखंड मंडल अध्यक्ष अंतू यादव सहित नौडीहा पंचायत के मुखिया बंधु भुइयां वीरेंद्र सिंह यादव सांसद प्रतिनिधि विगु साहू नें मनातू प्रखंड अंचला अधिकारी को बुक देकर किया स्वागत। मौके पर मनातू मंडल अध्यक्ष अंतु यादव को कई गांव से जमीन संबंधित शिकायत मिली थी कि प्रखंड अंतर्गत कई अधिकारी के द्वारा जमीन संबंधित इधर-उधर एवं रैयत को बात नहीं सुनने को लेकर मंडल अध्यक्ष को प्रखंड के कई रैयत द्वारा साझा किया गया था। अध्यक्ष ने अधिकारी को प्रखंड के समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि प्रखंड में समस्या का गिनती नहीं किया जा सकता तथा प्रखंड के लोगों को जमीन से लेकर किसी प्रकार के काम संबंधित कोताही न किया जाए और बेहतर से बेहतर अपने से सही काम करने का प्रयास करें और सभी अधिकारी सरकार का दिशा निर्देश का पालन करते हुए काम को सही तरीका से करें।

## चैनपुर नेउरा रोड व दीनदयाल मार्ग के लिए वित्त मंत्री गंभीर : अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर ने राधा कृष्ण किशोर से मिलकर छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली चैनपुर नेवरा मुख्य रोड को दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पद के साथ भी पद के बाद भी हमेशा निगम में सक्रिय रहने वाली मेदिनीनगर की प्रथम महापौर 2025 नव वर्ष की शुरूआत जनहित के कार्यों से प्रारंभ की। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सरकार वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर सबसे पहले छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली चैनपुर नेवरा मुख्य रोड को दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया। अरूणा ने बताया कि जब भी इस रोड को बनाने की बात होती है वर्षों से यह कहकर टाल दिया जाता कि इसका एस्टीमेट बन गया है जल्द फंड उपलब्ध होते ही टेंडर होगा लेकिन दिन पर दिन रोड और भी भयावह स्थिति में होता जा रहा है। महिलाएं, छात्राएं एवं खासकर प्रेग्नेंट महिलाएं उस रोड में कई बार टेंपो पलटने की वजह से 2 किमी दूर घूम कर ग्रामीण रास्तों से शहर आ जा रही, सड़क के किनारे बने दुकानों में बैठकर व्यवसाय करने वाले व्यवसाई धूल उड़ने की वजह से बीमार भी पड़ रहे हैं। साथ ही साथ बरसात में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते एवं छत्तीसगढ़ से आने जाने वाले लोगों के मन में रोड की दुर्दशा देखकर हमारे राज्य एवं शहर के प्रति नकारात्मक छवि भी बन रही है। प्रथम महापौर की बातों को सुनकर मंत्री ने तुरंत एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पीडब्लूडी को आदेश दिया 7 दिनों के अंदर इस रोड का बेहतरीन तरीका से रिपेयर का एस्टीमेट बनवाएं फंड की चिंता ना करें मैं दूंगा फंड । 15 दिनों के अंदर इस रोड का काम लगायें। प्रथम महापौर ने शहर के बीचों बीच स्थित दीनदयाल मार्ग खुलवाने की भी बात करते हुए कहा कि इस मार्ग को बंद हो जाने से जेलहाता के लोग को बाजार आने जाने के लिए काफी घूम कर आना जाना पड़ता है। इस मार्ग को जुडको द्वारा पारित पार्क नक्शे में बंद कर दिया गया है जिसे मैंने कई बार खुलवाने का प्रयास की पर पूर्णतः नहीं खुलवा सकी। अतः इस मार्ग को पहल कर पूर्ण रूप से खुलवा दी जाए ताकि आवागमन सुगम हो सके। मंत्री ने विषय को गंभीरता से लेते हुए स्वयं जाकर देखने एवं मार्ग को चालू कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि रोड नागरिकों की सुविधा के लिए बनाई जाती है बंद करके परेशान करने के लिए नहीं जल्द रोड चालू होगा।

## एसडीएम के नाम से आया फर्जी कॉल बीडीओ से मांगा पैसा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर के बीडीओ सह सीओ सुनील कुमार सिंह के पास गुरुवार को सुबह लगभग 8:00 बजे एक फर्जी कॉल आया जो अपने को एसडीएम बताया और पैसे की मांग की गई। मौके पर तत्काल सुनील कुमार सिंह ने थाना प्रभारी को मौखिक सूचना दी एवं कार्रवाई की मांग की। बीडीओ सह सीओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल नंबर 9955856779 से सुबह 8:00 बजे से 10:00 के बीच में लगभग 10 बार कॉल आया और कॉल करने वाला व्यक्ति अपने आप को एसडीएम बताया और कहा कि तुम बीडीओ नीलांबर पितांबरपुर बोल रहे हो न मैं एसडीएम बोल रहा हूं । मैं खाता नंबर भेज रहा हूं उसमें पैसा डालो। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू करते हुए कहा कि फोन महाराष्ट्र से आया था।

## चतरा सांसद कालीचरण सिंह कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण करेंगे

**क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर गंभीर हैं चतरा सांसद : धीरज**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए सतबरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांकी विधानसभा क्षेत्र के चार पंचायत बोहिता, रेवारातु धावाडीह व घुटुआ तथा मनिका विधानसभा क्षेत्र के दो पंचायत रबदा तथा बकोरिया के गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी रबदा पंचायत के पूर्व पंसस धीरज कुमार ने दिया है। धीरज कुमार ने सांसद कालीचरण सिंह की सराहना करते हुए कहा कि माननीय सांसद क्षेत्र के विकास को लेकर काफी गंभीर हैं। योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र के विकास की रूपरेखा तैयार की जा रही है ताकि चहुंमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बीते दो-तीन दिन के दौरान तापमान में काफी गिरावट आई है जिसके कारण गरीब व असहाय लोगों को ठंड से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गरीबों के परेशानी को देखते हुए सांसद कालीचरण सिंह कंबल वितरण करवाने का फैसला लिया है और कंबल उपलब्ध भी करा दिया गया है। इस कार्य के लिए सांसद श्री सिंह का जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगा।

**डीसी ने की आमजनों से आवश्यक कागजातों संग कैंप में पहुंचने की अपील**

## सभी अंचलों में 7 व 10 जनवरी को लगाया जायेगा लगान रसीद के लिये विशेष कैंप

**प्राप्त सभी आवेदनों को कैंप में ही अंचल ऑपरेटर/सीएससी ऑपरेटर के द्वारा परिशोधन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी अंचलों में 7 एवं 10 जनवरी को लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों के निराकरण को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप के दौरान आवेदकों से लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों के निराकरण हेतु आवश्यक कागजात के साथ आवेदन लिया जायेगा। वहीं प्राप्त सभी आवेदनों को कैंप में ही अंचल ऑपरेटर/सीएससी ऑपरेटर के द्वारा परिशोधन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। तत्पश्चात सभी कागजातों की संपूर्ण जांचोप्रांत लगान रसीद निर्गत करने में आ रही त्रुटियों का निराकरण कर परिशोधन पोर्टल पर अपलोड भी किया जाएगा ताकि आवेदक को अपना-अपना ऑनलाइन लगान रसीद कटवाने में सहूलियत हो सके। इस संबंध में जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने आमजनों से 7 व 10 जनवरी को लगान संबंधी कार्य को लेकर अपने स्थानीय अंचल कार्यालय में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कैंप के माध्यम से लगान रसीद से जुड़ी समस्या का ऑन स्पॉट परिशोधन पोर्टल पर एंट्री कर उसका निराकरण किया जाएगा। उन्होंने आमजनों से लगान रसीद से जुड़ी सभी प्रकार के आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ इस विशेष कैंप में भाग लेने की अपील की है।

**हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर पार्टी के तत्वावधान में मनाया गया पलामू जिला का स्थापना दिवस समारोह**

## पार्टी के अभियान में सहयोग करे आम आवाम : आशुतोष कुमार तिवारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण के सभागार में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर पार्टी के तत्वावधान में पलामू जिला का स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने की तथा संचालन चन्दन कुमार भुईयां एवं भरत कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, व्यवसायी नरेश सोनी, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, समाजसेवी ट्विंकल गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार प्रभाकर सिंह, अजित पाठक आदि उपस्थित थे। मौके पर आशुतोष कुमार तिवारी ने कहा कि आज दोहरी खुशी का दिन है क्योंकि आज नववर्ष का पहला दिन है और पलामू जिला का स्थापना दिवस भी है जिसे भव्य तरीके से हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिए पलामू जिला का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि पलामू जिला आज 133 वर्ष का हो चुका है परन्तु इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को पलामू जिला का स्थापना दिवस मनाने की सुध नहीं है लेकिन हम पार्टी ने यह बीड़ा उठाया है। जिला महासचिव भरत द्विवेदी ने कहा कि पलामू जिला स्थापना दिवस पर हरेक पलामूवासी को यह संकल्प लेने की जरूरत है कि पलामू जिला के ऊपर पिछड़े इलाके का धब्बे को दुर करते हुए इसे देश का नम्बर 1 जिला बनाना है। कार्यक्रम में पलामू के प्रख्यात संगीतकार राम - श्याम बंधुओं एवं उनकी कलाकार मंडली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने जिला में पदस्थापित सभी सरकारी पदाधिकारियों - कर्मचारियों, व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों, किसानो, मजदूरों, महिलाओं, छात्र व नौजवानों से अपील किया कि हम पार्टी सेक्युलर के इस अभियान को सहयोग करें और जिला को देश का विकसित जिला बनाने में योगदान दें।

### 16वीं सीनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए पलामू बालक-बालिका टीम रवाना



मेदिनीनगर। पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में 16 से 30 दिसंबर 2024 तक जीएलए कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय सीनियर बालक बालिका खो-खो चयन कैंप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों को पलामू सीनियर बालक, बालिका खो-खो टीम में शामिल किया गया। सभी चयनित खिलाड़ी 1 जनवरी 2025 को रंजीत कुमार, निरंजन कुमार, अक्सा नाग, विनीता कुमारी के नेतृत्व में डेहरी ऑन सोन, बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन से ईस्ट सिंहभूम के घाटशिला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, खो खो सह एथलेटिक्स कोच रेशमा पाण्डेय, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी ने संयुक्त रूप से रवाना किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 3 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक सिंभूम के घाटशिला में आयोजित है। चयनित खिलाड़ियों को पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, शूटिंग संघ के अध्यक्ष सचिव अमरेंद्र पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार पांडे, शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता, द्वारीका प्रसाद ने खिलाड़ियों को शुभकामना व्यक्त किया।

## साइबर अपराधी दुकानदारों को बना रहे हैं निशाना, कई हुए फ्रॉड के शिकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुक्तभोगी अनूप कुमार रजक।

**पांकी पलामू।** साइबर अपराधी अब दुकानदारों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। अपराधी दुकान पहुंचकर दुकानदार के खाते में पैसा डलवा रहे हैं और उन्हें फ्रॉड का शिकार बना रहे हैं। एक ऐसा ही मामला पांकी थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां कई दुकानदार साइबर अपराधी झांसे में आकर फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं। ग्राम महुगांई निवासी अनूप कुमार रजक फ्रॉड का शिकार हो गए। इस संबंध में अनूप कुमार ने बताया कि उन्का सगालीम बस स्टैंड में अनूप टेलीकॉम नाम से दुकान है। वह दुकान में पैसा की जमा निकासी भी करता हैं। 29 दिसंबर करीब 10:00 बजे एक व्यक्ति ग्राहक बनकर उनके दुकान पर आया और उसने बोला कि किसी दूसरे जगह से आपके खाते में 24000 रुपए पैसा डलवाना है, कितना चार्ज लगेगा। अनूप ने उससे एक हजार में दस रुपए चार्ज लगने की बात कही। उक्त व्यक्ति ने पैसा डलवाने के लिए उसने दुकानदार से बैंक खाते का स्कैनर लिया। समय 10:18 बजे दुकानदार के खाता में 24000 रुपए आया। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने उनसे 24000 कैश रुपए लिया और 240 रुपए उन्हें देकर उनके दुकान से चल गया।

### प्रगतिशील किसान एवं कृषक कर्मियों के लिए एनपीएसएस प्रशिक्षण का आयोजन



मेदिनीनगर। एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची द्वारा आत्मा कार्यालय, पलामू में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसान एवं कृषक कर्मियों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को बताया गया कि एनपीएसएस ऐप की मदद से वे अपने खेत में लगने वाले कीट रोग की पहचान कर ऐप में दी गई सलाह को अपनाकर कीट रोग नियंत्रण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट बीमारियों एवं उनके प्रबंधन हेतु विभिन्न आईपीएम तकनीक, बीजोपचार, मित्र कीट की पहचान एवं संरक्षण, कीटनाशक लेवल चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला कृषि अभियंता प्रकाश कुमार झलखो, उप परियोजना निदेशक प्रवीण राज, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची कार्यालय से कार्यालय प्रमुख वनस्पति संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एच.पी, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार सालवे, तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन एवं पूर्णेन्द्र मिश्र, आत्मा, अन्य सदस्य एवं जिले के प्रगतिशील किसान एवं कृषक

### मनातू पुलिस ने 05 एकड़ में लगाये गये अवैध पोस्ता खेती को किया नष्ट



मेदिनीनगर। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर मनातू थाना पुलिस ने अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झांटी के जंगल में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 एकड़ में अवैध रूप से की गई पोस्ता की खेती को विनष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में छापामार कर बड़ी मात्रा में अवैध पोस्ता की खेती का खुलासा किया। टीम ने मौके पर ही फसल को नष्ट कर दिया और संबंधित मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। एसपी रमेसन ने इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को चेतावनी दी है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

## कौड़ियावासी कोयल नदी में बिताये साल का पहला दिन

**सैलानियों को आकर्षित करता है नदी का अदभूत नजारा : पूर्व मुखिया सरिता देवी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिलावासियों ने जहां एक ओर नया साल घर से बाहर जाकर पिकनिक के रूप में मनाये वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी पीछे नहीं रहे। नये वर्ष को लेकर सदर प्रखंड के ग्राम कौड़िया के लोगों में भी पिकनिक मनाने की धूम रही। कौड़िया के ग्रामीण तेलियाबांध स्थित कोयल नदी किनारे पिकनिक मनाकर नये वर्ष का स्वागत किया। वहीं कौड़िया पंचायत की पूर्व मुखिया सरिता देवी अपने परिवार के साथ कोयल नदी में पिकनिक मनाकर नये साल की जश्न मनाई। पूर्व मुखिया सरिता देवी ने कहा कि तेलियाबांध स्थित कोयल नदी का अदभूत नजारा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। केवल नये साल में ही नहीं हमेशा लोग यहां भ्रमण करने समेत मौज मस्ती करने आते जाते रहते हैं। कोयल नदी की बहती निर्मल जलधारा लोगों को यहां आने का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि नया साल सबके लिए मंगलमय हो यही भगवान से प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कौड़िया पंचायत के लोगों को नये वर्ष की शुभकामना दी। कहा कि नया साल के पहले दिन बाहर जाकर पिकनिक मनाने , घूमने व खुशी मनाने का अलग ही महत्व है। इसके अलावे कई गणमान्य लोगों ने भी कोयल नदी में नये साल का पहला दिन बिताये। मौके पर मीना देवी, प्रियंका कुमारी, चंचला कुमारी, उषा पाल, निशा पाल, आशा पाल, सुरेश पाल, रवि पाल, बबली कुमारी समेत कई लोगों ने कहा कि कोयल नदी में आकर यहां कुछ पल बिताने का अलग ही सुखद अहसास की अनुभूति मिलती है। कोयल नदी को पर्यटन का रूप दिया जाये तो सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

## जन कल्याण ट्रस्ट ने नशामुक्ति सह जागरूकता अभियान चलाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में नशा मुक्ति सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक ओमप्रकाश दुबे, अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, समाजसेवी सुधाकर दुबे, रविंद्र दुबे, ओमप्रकाश दुबे, राहुल दुबे, पवन कुमार, कुमार सौरभ, डॉ कृष्णमणि दुबे, नारद दुबे, लोकेंद्र दुबे, मणि दुबे, संतोष दुबे, ललित व्यास तीर्थराज दुबे, बबलू दुबे मौजूद थे। ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों से नशा मुक्त रहने की अपील की। मौके पर ओमप्रकाश दुबे ने बताया कि नशा वह जहर है जो इंसान को खोखला बना देता है। उन्होंने कहा कि इस पंचायत के सभी वर्ग के लोगों से अपील करते हैं कि आज से नशा को छोड़ दें। नशा से घर, परिवार व समाज समेत युवा वर्ग बर्बाद हो रहा है। अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने कहा कि घर समाज के विकास में नशा बाधक बन रहा है। पूर्वडीहा पंचायत के युवा वर्ग नशा को छोड़ दें और नया साल के शुभ अवसर पर शपथ लें कि हमारा पंचायत में किसी भी प्रकार का कोई व्यक्ति नशा नहीं करेगा। मौके पर रविंद्र दुबे ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पूर्वडीहा पंचायत में नशा मुक्ति अभियान चलाना काफी सराहनीय है। ट्रस्ट शुरू से ही समाजसेवा व लोगों को जागरूक करने में आगे रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुधाकर दुबे ने किया।

# कर्मचारी महासंघ के सुकुमार ने डीसी को दी शुभकामनाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला शाखा बोकारो के जिला मंत्री सुकुमार प्रसाद मरांडी के नेतृत्व में बोकारो समाहरणालय के सभी कर्मचारियों द्वारा आज दिनांक 02 जनवरी, 2025 को नये साल के शुभ अवसर पर उपायुक्त विजया जाधव को गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दी गई।

## उच्च शिक्षा निदेशालय के उपनिदेशक को तत्काल पद से हटाने की मांग

# एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मियों की हड़ताल जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों के शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल अब तक जारी है। कर्मचारी एक सूत्री मांग पर एक माह से अधिक दिनों से धरना पर डटे हुए हैं। विश्वविद्यालय मुख्यालय कार्यालय सहित अंगीभूत कॉलेजों में अनिश्चितकालीन तालाबंदी है। सभी कार्य पूरी तरह से ठप हैं। कर्मचारियों को दो माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। जबकि पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को वेतन भुगतान विश्वविद्यालय प्रशासन कर दी है।

ठंड एवं शीतलहर की परवाह किए बिना कर्मचारी मुख्य गेट पर दरी बिछा बैठे हैं। कर्मचारियों के मांग को पूरी करने या समझौता करने में विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह से विफल रही है। इस बावत महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि एक माह से ज्यादा हो गए है हड़ताल अब भी जारी है। लेकिन विश्वविद्यालय



धरना पर बैठे शिक्षेकत्तर कर्मी महासंघ

के शिक्षकेतर कर्मियों को 01 जनवरी 2016 से प्रभावी सातवें पुनरीक्षित वेतनमान में अब तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से घोर लापरवाही है। 150 से ज्यादा कर्मचारियों का पांचवें एवं छठे वेतनमान में वेतन निर्धारण का नहीं होना भी विश्वविद्यालय प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। महासचिव श्री मिर्धा ने कहा कि वर्तमान कुलपति ने साबित कर दिया है कि यहां के शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्रों के भविष्य से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। कुलपति अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए सभी कार्य पूरी कर लेते हैं। जब शिक्षकेत्तर कर्मियों की बात होती है, तो पावर नहीं है का हवाला देते हैं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक और दुखद है। अध्यक्ष परिमल कुंदन ने आश्चर्य जाहिर करते हुए कहा कि पूरे संताल परगना के अंगीभूत कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में पिछले एक महीने से अधिक समय से तालाबंदी है। लेकिन नहीं राज्यपाल सचिवालय और नहीं उच्च शिक्षा निदेशालय इस मुद्दे पर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि नहीं वेतन निर्धारण किया जा रहा है और नहीं आंतरिक स्त्रोत से सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हड़ताल करने पर महीनों बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यदि हड़ताल नहीं होता तो शायद छठे वेतन में ही सेवानिवृत होना पड़ेगा।

# चार दिवसीय वर्चुअल अंर्तराष्ट्रीय वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

**दुमका।** इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मशीन लर्निंग: द नेक्सट फ्रंटियर इन रिसर्च इवेंट विषय पर चार दिवसीय वर्चुअल अंर्तराष्ट्रीय वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ। वर्कशॉप की अध्यक्षता एसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ खिरोधर यादव ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य सह संरक्षक डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस की बहुत बड़ी भूमिका हो चली है। शिक्षा के बल पर ही पूरे कुटुंब का जीवन स्तर ऊंचा किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता शिक्षा, शोध, कृषि, उद्योग आदि क्षेत्रों में भरपूर देखने को मिल रही है। कार्यक्रम में लवली प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी पंजाब की डॉ राज सिन्हा ने अतिथियों के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहार को आज की जरूरत बतलाया। विषय प्रवेश करते हुए इस वर्कशॉप के कन्वेनर सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र (मनोविज्ञान विभाग) के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीकी एवं व्यवहारिक जगत का एक अहम हिस्सा है।

# 150 कंबल का वितरण किया गया

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र के साड़म पूर्वी पंचायत में गुरुवार को 150 कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया अनारकली के नेतृत्व में पंचायत के गरीब, बेसहारों और कमजोर तबके के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया अनारकली ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को गरीब, असहाय व वृद्ध लोगों के बीच वितरण किया गया है। कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत में कई और जरूरतमंद लोग हैं, जिन्हें कम्बल दिया जाना है, और वे इसके लिए जिला प्रशासन से कम्बल उपलब्ध कराने की मांग करेंगी। वही कम्बल मिलने से मो0 रमजान, हसीना खातून,पतवा देवी आदि लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

# मोबाईल चोरी के संदेह में युवक को घर दबोच बिजली के खंभे से बांधा

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के पुराना दुमका स्थित जरूवाडीह मुहल्ले में स्थानीय लोगों ने एक कथित मोबाइल चोर को पकड़ बिजली के खंभे में बांध दिया। जिसकी सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच और कथित मोबाइल चोर युवक को लेकर नगर थाना पहुंची। जानकारी के जरूवाडीह के लोग आए दिन मोबाइल चोरी की घटना से परेशान थे। बताया जा रहा है कि जरूवाडीह निवासी विशाल कुमार राम बुधवार को चोरी की नीयत से गांव के संतोष मल्लाह के घर में घुस गया था। घर के लोगों की नजर उस पर पड़ गई और उसे पकड़ लिया। लेकिन घर वालों को चकमा देकर वह फरार होने में कामयाब हो गया। गुरुवार को कथित मोबाइल चोर विशाल संतोष के दुकान पर पहुंच गया। दिखावे के लिए तो वह संतोष से कल की घटना पर माफी मांगने पहुंचा था।

# पेज एक का शेष

## झारखंड की बेटी...

प्रवीण कुमार ने पैरालंपिक्स की टी64 कैटेगरी की हाई-जम्प (ऊंची कूद) प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।

34 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार : चार खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुना गया है। इनमें एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा। वहीं, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल यूनिवर्सिटी विजेता के तौर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी मिलेगी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फर्स्ट रनरअप और अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी सेकेंड रनरअप रही।

**अर्जुन पुरस्कार :** ज्योति याराजी - एथलेटिक्स, अन्नु रानी - एथलेटिक्स, नीतू - बॉक्सिंग, स्वीटी - बॉक्सिंग, वंतिका अग्रवाल - शतरंज, सलीमा टेटे - हाकी, अभिषेक - हाकी, संजय झ हॅाकी, जर्मनप्रीत सिंह-हाकी, सुखजीत सिंह- हाकी, राकेश कुमार - पैरा-आर्चरी, प्रीति पाल - पैरा-एथलेटिक्स, सचिन सरजेराव खिलारी - पैरा एथलेटिक्स, धर्मबीर - पैरा एथलेटिक्स, प्रणव सूर्मा - पैरा एथलेटिक्स, एच होकातो सेमा - पैरा एथलेटिक्स, सिमरन - पैरा एथलेटिक्स, नवदीप - पैरा एथलेटिक्स, थुलासिमाती मुरुगेसन - पैरा बैडमिंटन, नित्या श्री सुमाथी सिवान - पैरा बैडमिंटन, मनीषा रामदास - पैरा बैडमिंटन, कपिल परमार - पैरा जूडो, मोना अग्रवाल - पैरा निशानेबाजी, रुबीना फ्रांसिस - पैरा निशानेबाजी, स्वप्निल सुरेश कुसाले - निशानेबाजी, सरबजोत सिंह - निशानेबाजी, अभय सिंह - स्क्वैश, साजन प्रकाश - तैराकी, अमन सहवारत - कुश्ती। अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम)- सुचा सिंह - एथलेटिक्स, मुरलीकांत राजाराम पेटकर - पैरा तैराक। द्रोणाचार्य अवॉर्ड (नियमित वर्ग)- सुभाष राणा - पैरा निशानेबाजी, दीपाली देशपांडे - निशानेबाजी, संदीप सांगवान -हाकी। द्रोणाचार्य अवॉर्ड (लाइफटाइम वर्ग) एस मुरलीधरन - बैडमिंटन, अरमांडो एगनेलो कोलासो - फुटबॉल। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार- फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी)। मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी - ओवरऑल विनर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी - प्रथम उपविजेता, अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी - द्वितीय उपविजेता।

## सलीमा को बधाइयों ...

जिसका चयन अर्जुन अवार्ड के लिए हुआ है। साल 2016 में सलीमा का चयन जूनियर भारतीय हॉकी महिला टीम के लिए हुआ था। इसके बाद सलीमा ने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। सिमडेगा हॉकी के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने सबसे पहले साल 2010 में सलीमा की प्रतिभा को पहचाना था, जब वो ग्रामीण स्तर पर एक हॉकी टूनामेंट में भाग लेने आयी थी। सलीमा प्रतिभा की इतनी धनी हैं कि कई बार जरूरत पड़ने पर टीम के लिए बतौर फॉर्वर्ड भी खेल चुकी हैं। सलीमा ने डिफेंडर के रूप में शुरूआत की थी, अब मिड फील्डर के रूप में खेलती हैं।

## छह को 56 लाख...

पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए थे। हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से पहले इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की थी। सरकार ने 18 से 50 साल तक की महिलाओं को 1,000 रुपए देना शुरू किया था। चुनाव के पहले सरकार ने वादा किया था कि फिर से सत्ता में लौटे, तो इस राशि को बढ़ाकर 2,500 रुपए कर देंगे। महिलाओं के वोट की बदौलत हेमंत सोरेन की सरकार लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटी। चुनाव के दौरान भाजपा ने सरकार बनने पर गोगो-दीदी योजना के तहत 2100 रुपये प्रति माह देने की घोषणा कर दी थी। जवाब में तत्कालीन हेमंत कैबिनेट ने सम्मान राशि को 1000 रु. प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रु. देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी थी।

## रांची सदर सीओ...

जमीन का सीमांकन कराने के एवज में राशि 50 हजार की घूस मांगी। वादी ने इसकी शिकायत एसीबी की । एसीबी की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सीओ 37 हजार रूपया घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

सीएम ने डीजीपी को दिया था आदेश : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते 23 दिसंबर 2024 में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने डीजीपी को निर्देश देते हुए कहा कि अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार की मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई करें, ताकि आम लोगों को कोई असुविधा नहीं हो और कोई भी भ्रष्टाचारी बचे नहीं। सीएम ने डीजीपी समेत अन्य वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि एसीबी उड़नदस्ते का गठन कर लगातार अंचल व प्रखंड कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर छापामारी करें।

## अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च...

ऐसा पहली बार होगा, जब एक अमेरिकन कंपनी अपने एक विशाल कम्यूनिकेशन सैटेलाइट को भारत से इसरो द्वारा तैयार इंडियन रॉकेट के जरिए लॉन्च करेगी। अभी तक, भारत ने अमेरिकन कंपनी द्वारा बनाये गये छोटे सैटेलाइट्स को ही लॉन्च किया है, लेकिन अब पहली बार इसरो अमेरिका के एक बड़े कम्यूनिकेशन सैटेलाइट को लॉन्च करने जा रहा है। खबरों के मुताबिक भारत के साइंस मिनिस्टर डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने इस बात का खुलासा किया है कि, फरवरी या मार्च में, हम मोबाइल कम्यूनिकेशन के लिए यूएस सैटेलाइट को लॉन्च करेंगे, जो मोबाइल फोन के जरिये स्पेस से वॉयस कॉल की सुविधा को शुरू करेगा। यह एक रोचक मिशन होगा।

**काफी बड़ा है सैटेलाइट :** अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निर्माता कंपनी के सीइओ एबेल एवेलन ने बताया कि हरेक ब्लूबर्ड सैटेलाइट के पास 64 स्क्वायर मीटर की साइज का एक एंटीना होगा। ब्लूबर्ड सैटेलाइट के इस एंटीना का साइज आधे फुटबॉल फील्ड के बराबर है, जिसका वजन लगभग 6000 किलोग्राम है और भारत का रॉकेट इसे लो अर्थ ऑर्बिट तक लेकर जायेगा। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो सैटेलाइट्स को डायरेक्ट किसी साधारण मोबाइल फोन से कनेक्ट करेगी और लो अर्थ ऑर्बिट में अब तक के सबसे बड़े कमर्शियल फेज ऐरे के जरिये ब्रॉडबैंड इंटरनेट की सुविधा भी प्रदान करेगी।

## ठंढ से ठिठुर रहा ...

**दो दिनों तक राहत नहीं :** झारखंड के 15 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक तापमान में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। इसके बाद दो से चार डिग्री सेंटीग्रेड तापमान में वृद्धि की संभावना है। वहीं रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नेत्र व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के नया मोड़ स्थित बस स्टैंड परिसर में आज निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जांच शिविर 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित किया गया है। यह शिविर बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लगाया गया है। इस जांच शिविर में कुल 535 लोगों का नेत्र जांच सहित अन्य स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही शिविर में आने वालों से यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करने का भी अपील की गई। जांच के दौरान जिन लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा मिलने पर दवा खाने के साथ ही आराम करने को कहा गया। चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित इस शिविर में कुल 535 बस चालकों सहित अन्य चालकों का जांच की गई। इस कार्य में प्रहलाद कुमार ने सहयोग किया। परिवहन विभाग एवं सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा आयोजित उक्त जांच शिविर में बड़ी संख्या में बस टोटो ऑटो चालकों के आंखों की जांच की जा रही हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा जाएगा जिसमें परिवहन विभाग के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा के गोविंद सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जिले में चला जागरूकता अभियान





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी के आदेशानुसार जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत आम लोगों को यातायात नियमों का पालन हेतु दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनें चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने ओवरस्पीडिंग से बचने एवं शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने का निर्देश तथा कोई भी वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने हेतु जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा। यह सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के तहत नया मोड़ बिरसा मुंडा चौक पर रोको टोको अभियान चलाया गया जिसके तहत हेलमेट पहनने वाले को फूलों की माला पहनाकर एवं गुलाब फूल देकर प्रेरित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर ने कहा कि आप सभी अपने अपने दोस्तों परिवार और समुदाय के लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताएं ताकि लोग जागरूक होकर यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी किया जाएगा। एमभीआई अभय चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अलग-अलग तिथियां को अलग-अलग कार्यक्रम किया जाएगा। इस दौरान सड़क सुरक्षा के सभी सदस्य मौजूद थे।

# मोहन टिंबर के मोहन जैन, मदन जैन और उमेश जैन पर हुआ एफआईआर दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के उकरीद मोड लकड़ी गोला के मामले पर जैन बंधुओं मोहन जैन मदन जैन और उमेश जैन पर सिटी थाना में बीएसएल के जीएम एके सिंह के शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। महाप्रबंधक टीए-एलआरए बोकारो स्टील प्लांट के आवेदन के आधार पर बीएस सिटी थाना काण्ड सं- 264/ 2024 धारा-190/ 191(2) /115 (2) /126 (2) /352/ 351(2)/ 223/ 132 बीएनएस के अन्तर्गत मोहन जैन उमेश जैन और मदन जैन तीनों पिता झ राम जैन के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है।

आदेश के अनुपालन एवं उसमें रुकावट पैदा करने दुर्व्यवहार करने सम्पदा न्यायालय बोकारो स्टील सिटी के बेदखली वाद के अनुपालन में एसडीओ चास द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में बीएसएल नगर सेवा विभाग के 14 पदाधिकारी सुरक्षा कर्मी तथा बोकारो जिला बल से उपलब्ध पुलिस सहायक अवर निरीक्षक तथा सशस्त्र पुलिस बल लकड़ी गोला उकरीद मोहन टिम्बर जो सम्पदा न्यायालय के उपरोक्त आदेश के अंतर्गत बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र के भूखंड पर अतिक्रमण कर निर्मित किया गया है उसी अतिक्रमण को आदेशानुसार हटाने हेतु विधिवत कार्रवाई करने जा ही रहा था कि उसी समय मोहन टिम्बर के मालिक मोहन जैन और उनके भाई उमेश जैन एवं मदन जैन के द्वारा पूर्व से इकट्ठा किये गये कुछ लोगों के द्वारा वाहन को मोहन टिंबर के प्रतिष्ठान में जाने के रास्ते पर वाहनों को टेढ़े मेढ़े तरीके से खड़ा कर मार्ग की अवरुद्ध कर दिया तथा उपरोक्त मालिकों के उकसाने पर उनके साथ शामिल लगभग 40 की संख्या में असामाजिक तत्वों ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी तथा हमलोगों के साथ एवं सुरक्षा कर्मी के साथ धक्का मुक्की किया जिसके कारण टीम के कुछ सदस्यों की सड़क पर गिरने से चोटें आयी। इन लोगों के द्वारा इकट्ठा की गयी भीड़ ने हम लोगों को अभद्र गाली दिया और मालिकों द्वारा इन गुर्गों को अतिक्रमण हटाने की दस्ता को लोहे के रॉड एवं लाठी डंडे से मारकर अधमरा करने के लिये उकसाया जा रहा था। इससे प्रेरित होकर गुर्गों ने जेसीबी के ऊपर चढ़कर तोड़ने का प्रयास करने लगे जिसके कारण बाध्य होकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकनी पड़ी। वहां पर उत्पन्न असामान्य परिस्थिति और जान माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमलोगो के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की बंद करते हुए मजबूरन पीछे हटना पड़ा। सारे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के पास उपलब्ध है। उक्त भूमि के अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण के अलावे भी बीएसएल का एक बड़ा भूखंड (मौजा पनरुआ में) अतिक्रमण कर तीन तल्ला लकड़ी का गोदाम बनाकर उपयोग किया जा रहा है। इस अवैध अतिक्रमण एवं निर्माण के खिलाफ सम्पदा न्यायालय में वाद वर्तमान में लंबित है। मोहन जैन एवं उनके भाइयों द्वारा बीएसएल की खाली जमीन का अतिक्रमण कर अवैध उपयोग के द्वारा बीएसएल का करोड़ों का नुकसान किया जा रहा है।

# दो सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत, जबकि एक जगह सीमेंट लदा ट्रक में लगा आग

## नए साल के दूसरे ही दिन डुमरी में हुई तीन अलग-अलग घटनाएं









खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डुमरी में नए साल के दूसरे ही दिन तीन अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल है। सभी घटनाएं निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि पहली घटना इसरी बाजार एन एच 19 पर हुई। जहां कंटेनर में मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मारुति में सवाद एक व्यक्ति की घटना स्थल पर भी मौत हो गई है। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताए जा रहा है। जबकि दूसरी घटना असुरबांध के समीप एक बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं अगर तीसरी घटना की बात करें तो खांखी जंगल के समीप एक सीमेंट लदे ट्रक में अचानक आग लग गई। जिससे अफरातफरी का माहौल हो गया। हालांकि पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सके। वहीं आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वही इस घटना में किसी के हथाहत होने की खबर नहीं मिली है।

## तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में छह घायल, तीन रेफर

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो-बेरमो मुख्य मार्ग स्थित करगली गेट के समीप दो बाईक की टक्कर में चार युवक घायल हो गये। बताया जाता है कि घुटियाटॉड निवासी प्रकाश सिंह पिता सुखदेव सिंह, चंद्रपूरा के घटियारी निवासी विकास सिंह पिता स्वं बुधन सिंह व पलामू निवासी रवि सिंह पिता मोहन सिंह पल्सर बाईक संख्या जेएच 09 बीएच 2615 से करगली गेट की ओर जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही सुभाष नगर निवासी संतोष ओझा के पुत्र विशाल ओझा बाईक संख्या जेएच 09 एवाई 0602 में टक्कर हो गयी। जिससे चारो युवक जख्मी हो गए और बाईक क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद घायल सभी चारो लोगों को स्थानीय लोगो व कुछ समाजसेवीयो ने सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुँचाया। जहां पर तत्काल डॉ अनिरूद्ध डॉन व डॉ राहुल कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए विशाल ओझा को बोकारो रेफर कर दिया गया। वही प्रकाश सिंह व विकास सिंह को सीटी स्कैन के लिए बोकारो भेजा गया। इधर रवि सिंह का अस्पताल में ही उपचार किया जा रहा है।




बताया गया कि विकास सिंह अपना मामा घर घुटियाटॉड आये हुए थे। रवि सिंह गोटिया टायर में ही अपने मां के यहां रहते है। रवि सिंह और विकास सिंह आपस में मौसेरे भाई हैं। बेरमो पुलिस अस्पताल व घटनास्थल पहुंचकर जॉच पडताल की। दुसरी घटना फुसरो- नावाडीह मुख्य मार्ग स्थित चपरी के पास घटी। यहाँ पलामू निवासी ललन कुमार का पुत्र सुरज कुमार (21 वर्षीय) मकोली ओपी क्षेत्र के मकोली में किसी रिस्तेदार से मिलकर अपना आवास पलामू जाने के क्रम में बाईक से संतुलित होकर गिर गया। जिसे राहगीरो ने अस्पताल पहुँचाया। जहाँ डॉ राहुल कुमार ने प्राथमिक उपचार कर भर्ति कराया। उनके परिजन भी अस्पताल पहुँच चुके थे। तीसरी घटना फुसरो- गोमिया मुख्य मार्ग स्थित रामविलास उच्च विधालय के समीप घटी।

यहाँ बाईक से जा रहे जरीडीह बाजार निवासी धीरज कुमार नामक युवक को अज्ञात बाईक ने टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे युवक गिरकर घायल हो गया। जिसे स्थानीय व राहगीरो ने सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुँचाया। जहां पर तत्काल डॉ अनिरूद्ध डॉन व डॉ राहुल कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। हॉलांकी प्राथमिक उपचार कर घायल युवक धीरज अपना आवास चला गया।

स्पीड न्यूज

## फिल्म देवा का फर्स्ट पोस्टर हुआ रिलीज



**मुंबई।** जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने फिल्म देवा का फर्स्ट पोस्टर रिलीज कर दिया है। एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। मेकर्स ने लगातार अपडेट्स देकर ऑडियंस की एक्साइटमेंट को बनाए रखा है। इस फिल्म से शाहिद कपूर का नया जबरदस्त लुक पोस्टर रिलीज करके मेकर्स ने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है।

## बांग्लादेश में चिन्मय की जमानत खारिज

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को चट्टोग्राम की एक अदालत ने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कड़ी सुरक्षा के बीच सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जज ने ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया। चिन्मय नवंबर से जेल में बंद हैं। द डेली स्टार के अनुसार, चट्टोग्राम मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश एमडी सैफुल इस्लाम ने लगभग 30 मिनट तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी।

## पाक में दंगों के दोषी 19 लोगों की सजा माफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नौ मई 2023 के दंगों के लिए दोषी 19 लोगों की सजा माफ कर दी गई है। मुल्क की सैन्य अदालतों ने इन समेत 85 नागरिकों को दोषी ठहराते हुए दो से 10 साल तक जेल की सजा सुनाई थी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने आज जारी बयान में घोषणा की कि नौ मई के दंगों में शामिल 19 दोषियों की दया याचिका मानवीय आधार पर स्वीकार कर ली गई है। आईएसपीआर ने कहा कि कुल 67 दोषियों ने दया याचिकाएं दी हैं। 48 याचिकाओं पर अपील अदालतों में कार्रवाई की गई है। 19 दोषियों की याचिकाएं पूरी तरह से मानवीय आधार पर कानून के तहत स्वीकार की गई हैं।

## हरिद्वार में ट्रक से टकराई कार, 4 युवकों की मौत

**हरिद्वार।** हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर देर रात बहादराबाद थाने से पहले शनि देव मंदिर के समीप एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कारसवार रेवाड़ी (हरियाणा) के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्स में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार केयर सिंह, हवा सिंह, मनीष, बलवान की मौके पर ही मौत हो गई।

## मालदा में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** बंगाल के मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस के जिला सह-सभापति और इंग्लिश बाजार नगर निगम के पार्षद दुलालचंद्र सरकार की गुरुवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार सुबह इंग्लिश बाजार शहर के झलझलिया इलाके में हुई। दुलालचंद्र सरकार प्लाईवुड फैक्ट्री के बाहर खड़े थे, तभी बाइक पर सवार तीन हमलावरों ने गोलियां चला दीं। गंभीर हालत में उन्हें मालदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## गौमांस तस्करी के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**जालौन।** जालौन पुलिस ने गौमांस तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तस्कर अतीक अहमद की 8 करोड़ रुपये की सम्पत्ति को कुर्क कर लिया है, जिसमें दिल्ली स्थित उसका मकान भी शामिल है। यह मकान पुलिस ने सील कर जब्त कर लिया है।

# लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबरट्रक में विस्फोट, एक की मौत

**एजेंसी**

**▶▶ राष्ट्रपति बाइडेन ने दिया जांच का आदेश, कहा- इसका हो सकता है न्यू ऑरलियन्स आतंकवादी हमले से संबंध**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू ऑर्लिन्स में नये साल के पहले दिन हुए हमले के बाद अब लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर साइबरट्रक में विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसे गंभीर घटना बताते हुए जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना का न्यू ऑर्लिन्स में हुए आतंकी हमले से संबंध हो सकता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, बुधवार सुबह लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट होने और आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम सात लोग झुलस गए। एबीसी न्यूज के अनुसार, लास वेगास शेरिफ केविन मैकमाहिल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विस्फोट के बाद लगी आग में काफी सामान भी जल गया।

उन्होंने इससे संबंधित एक वीडियो और कुछ तस्वीरें पत्रकारों को दिखाईं। यह होटल निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बताया गया है। होटल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ट्रंप के करीबी सहयोगी एलन मस्क ने कहा कि टेस्ला की पूरी टीम अभी इस मामले की जांच कर रही है। यह विस्फोट साइबरट्रक में रखे बम के कारण हुआ। हालांकि जांच अधिकारियों ने मस्क के दावे से इनकार किया है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, साइबरट्रक में गैसोलीन, कैंप ईंधन कंटेनर के आतिशबाजी मोर्टार रखे थे। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि जांच एजेंसियां न्यू ऑर्लिन्स में हुए आतंकी हमले और टेस्ला साइबरट्रक में हुए विस्फोट के बीच



लिंक तलाश रही हैं। दोनों ही मामलों में इस्तेमाल हुई गाड़ी एक ही रेंटल साइट से किराए पर ली गई। इसी वजह से एजेंसियों को आशंका है कि दोनों घटनाएं एक-दूसरे से जुड़ी हो सकती हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, न्यू ऑर्लिन्स हमले में प्रयोग किए गए वाहन पर इस्लामिक स्टेट का झंडा लगा था। इस वाहन को नये साल के शुरूआती घंटों में बॉर्बन स्ट्रीट पर मौज-मस्ती कर रहे लोगों पर चढ़ा दिया गया। आरोपित वाहन चालक टेक्सास का 42 वर्षीय सेना का अनुभवी व्यक्ति है। इस घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 35 अन्य घायल हो गए।

## न्यूयॉर्क में नाइट क्लब के बाहर सामूहिक गोलीबारी में 10 घायल

**न्यूयॉर्क।** साल के पहले दिन न्यूयॉर्क के क्वींस में एक नाइट क्लब के बाहर जुटी भीड़ पर कुछ लोगों के एक समूह ने कम से कम 30 गोलियां चलाईं, जिसमें 10 लोग घायल हो गए जिनमें ज्यादातर किशोर थे। यह गोलीबारी उसी दिन हुई जब न्यू ऑरलियंस में आतंकवादी हमले में 15 लोग मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों को बुधवार रात करीब 11:18 बजे 911 पर कई कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें बताया गया कि जमाइका में क्वींस के अमजुरा नाइट क्लब के बाहर कई लोगों को गोली मार दी गई है। पुलिस ने बताया कि तीन .चार व्यक्ति ने कार्यक्रम स्थल के बाहर कतार में खड़े एक समूह पर 30 से अधिक बार गोलियां चलाईं जो कुछ वाहनों में भी लगीं।

## मोदी दिल्ली को आज देंगे 4500 करोड़ की विकास योजनाओं का तोहफा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली को 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का तोहफा देंगे। इनमें प्रधानमंत्री वजीरपुर में झुग्गी वासियों के लिए निर्मित 1645 फ्लैटों की चाबी भी गृह स्वामियों को सौंपेंगे।

गुरुवार को प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में झुग्गी वासियों के डीडीए की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के वासियों को सौंपेंगे। डीडीए के ये फ्लैट जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत बनाए गए हैं। योजना का उद्देश्य झुग्गीवासियों को सुरक्षित और पक्के मकान उपलब्ध कराना है ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीयू लॉ फैकल्टी के ईस्ट कैंपस का शुभारंभ करेंगे।

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी

## दो दिन में निवेशकों की संपत्ति 8.52 लाख करोड़ बढ़ी

**एजेंसी**

**▶▶ सेंसेक्स 1436 अंक उछलकर 79,943 पर हुआ बंद और निफ्टी 445 अंक छलांग लगाकर 24,188 पर पहुंचा**

**मुंबई।** शेयर मार्केट में दो दिनों की तेजी में निवेशकों की संपत्ति में 8.52 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स गुरुवार को 1,436.30 अंक या 1.83 फीसदी उछलकर 79,943.71 पर बंद हुआ। यह एक महीने से अधिक समय में इसका सबसे अच्छा सिंगल-डे लाभ है। दिन के दौरान यह 1,525.46 अंक या 1.94 फीसदी बढ़कर 80,032.87 पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 445.75 अंक या 1.88 प्रतिशत बढ़कर 24,188.65 अंक पर पहुंच गया। बीएसई-लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप दो दिनों में 8,52,239.27 करोड़ रुपये बढ़कर 4,50,47,345.71 करोड़ रुपये (5.25 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताहों में बाजार क्रिसमस की तरह तेजी दिखाने में नाकाम रहे। लेकिन नए साल ने पहले दो दिनों में मजबूत आशावाद प्रदान किया है, जिसमें व्यापक आधार वाली शॉर्ट-कवरिंग के कारण सेंसेक्स ने मनोवैज्ञानिक 80,000 अंक को छुआ। सेंसेक्स की 30 ब्लू-चिप फर्मों में से बजाज फिनसर्व ने लगभग 8 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि बजाज फाइनेंस ने 6.50 प्रतिशत की छलांग लगाई। मारुति, टाइटन, महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक अन्य प्रमुख लाभार्थी थे। आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग और विदेशी फंड के फ्लो से निवेशकों की धारणा



प्रभावित होने से गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे टूटकर 85.73 (अंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि 2024 के दौरान अधिकांश मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी आई और यह इस साल भी मजबूत स्थिति में बना रहेगा। इसके अलावा, लगातार विदेशी फंड के फ्लो से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके अतिरिक्त, वैश्विक बाजारों में कम कारोबार की उम्मीद है क्योंकि यूरोप जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में छुट्टियों का मौसम चल रहा है।

### ऑटो और आइटी इंडेक्स चढ़ा

ऑटो इंडेक्स में 3.8% की वृद्धि हुई, जो प्रमुख सेक्टर में सबसे अधिक है। दिसंबर की वाहनों के बिक्री में उछाल दर्ज करने के बाद आयशर मोटर्स 8.7% चढ़ गया। रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी निफ्टी 50 में टॉप पर रही। इंफोसिस में 4% की बढ़त और एचसीएलटेक में 3.2% की बढ़ोतरी के कारण आईटी इंडेक्स 2.3% बढ़ गया।

**टॉप गेनर्स :** सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर हरे निशान में रहे और एक केवल एक कंपनी सन फार्मा का शेयर गिरावट में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 9% तक चढ़ गया। बजाज फाइनेंस, मारुति, टाइटन, महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।



## बॉलीवुड सिंगर मलिक ने गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से की शादी

**नयी दिल्ली। बॉलीवुड के मशहूर गायक अरमान मलिक और उनकी गर्लफ्रेंड व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आशना श्रॉफ शादी के बंधन में बंध गए हैं। 20 वर्षीय अरमान मलिक और आशना ने एक निजी समारोह में शादी की और सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर गुरुवार को अपने प्रशंसकों को इसकी जानकारी दी। नवविवाहित जोड़े ने विवाह की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि तू ही मेरा घर।**

# 2025 में तेजी से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**एजेंसी**

**▶▶ जीएसटी संग्रह, सर्विस परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स, एयर पैसेंजर ग्रोथ व वाहनों के पंजीकरण में वित वर्ष की तीसरी तिमाही में भारी वृद्धि**

**नयी दिल्ली ।** वर्ष 2025 की शुरूआत के साथ ही अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यभार संभालने से पहले दुनिया में अस्थिरता की स्थिति बनी हुई है, लेकिन, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में बताया गया कि जीएसटी संग्रह, सर्विस परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), एयर पैसेंजर ग्रोथ और वाहनों का पंजीकरण में वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मजबूत वद्धि देखने को मिली है। वहीं, दूसरी तरफ चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार धीमी होती जा रही है और प्रशासन के लिए घरेलू खपत बढ़ाना और रियल एस्टेट सेक्टर को फिर से वृद्धि की ओर ले जाना एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था विकास के बारे में मिश्रित संकेत दे रही है। श्रम बाजार में नरमी दिख रही है और मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। खुदरा बिक्री, आवास बिक्री और सेवा क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यूरोप में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों ने अभी तक गति नहीं पकड़ी है। वहीं सेवा क्षेत्र फिर से अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। भारत में चालू खाता घाटा (सीएडी) वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में जीडीपी का 1.2 प्रतिशत तक कम हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह जीडीपी के 1.3 प्रतिशत के बराबर था। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा कि पिछले वर्ष व्यापार घाटा अधिक था, सेवाओं के निर्यात में तेजी के साथ-साथ रेमिटेंस में निरंतर मजबूती ने चालू खाते घाटे को कम किया है। हमारे साल के अंत के बाजार विश्लेषण से पता चलता है कि सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों ने कैलेंडर वर्ष 24 में 8.7 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। सेंसेक्स ने इस साल का नया ऑल टाइम हाई बनाया और 85,500 का आंकड़ा पार कर गया। 2024 में रियल एस्टेट, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और आईटी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा।

## महाकुंभ : रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए बना ऑब्जर्वेशन रूम

**नयी दिल्ली।** महाकुंभ के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24 गुणा 7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। रेल मंत्रालय के अनुसार महाकुंभ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे।

# आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के 42वें राज्यपाल

**बिहार के विकास के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे : आरिफ मोहम्मद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को बिहार के 42वें राज्यपाल के रूप में पद और गोपनियता की शपथ ली। पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश कृष्णन विनोद चंद्रन ने उन्हें शपथ दिलाई। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और दोनों उप मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में खान ने कहा कि बिहार में काफी प्रतिभा है। बिहार के लोग काफी ऊर्जावान हैं। देश में बिहार के लोगों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए जो भी संभव होगा, वह सरकार के साथ मिलकर अवश्य करेंगे।



राज्यपाल से मिलते नीतीश कुमार।

## संभल के विवादित जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर मामले में गुरुवार को न्यायालय द्वारा नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने लगभग 40 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में पेश की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट पेश की गयी है। एडवोकेट कमिश्नर राघव ने पत्रकारों को बताया कि सर्वे जिला कोर्ट के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की टीम के साथ 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में प्रथम सर्वे किया था। रात का समय और भीड़ को देख सुरक्षा कारणों से उस दिन सर्वे कार्य को बीच में ही स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद दूसरा सर्वे 24 नवंबर को किया गया।

# जदयू के साथ फिर दोस्ती को लेकर राजद में घमासान

## लालू ने नीतीश को दिया ऑफर, तेजस्वी ने बंद किया दरवाजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

पटना। जदयू के साथ फिर दोस्ती करने के मुद्दे पर राजद में घमासान है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके पुत्र एवं विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आपस में भिड़े हुए हैं। चार दिन पहले तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इंट्री रोकने के नाम पर अपने दल के जिस दरवाजे को बंद कर दिया था, नए साल पर लालू ने उसे खोल दिया।

लेकिन, तेजस्वी गुरुवार को भी अपने वचन पर कायम हैं कि दरवाजा बंद ही है। लालू प्रसाद का वीडियो वायरल है। दावा किया जा रहा है कि यह बुधवार की रात का है। इसमें लालू कह रहे हैं कि उनका दरवाजा खुला है। नीतीश कुमार को भी खोल कर रखना चाहिए। वे आएं और मुख्यमंत्री बने रहें। हम सबको माफ करते हैं। यह नीतीश कुमार को शोभा नहीं देता है कि वे निकल जाते हैं। तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि दरवाजा बंद है। उन्होंने कहा- आपलोग उनसे (लालू प्रसाद ) कुछ पूछते रहते हैं। इसलिए आपलोगों को ठंडा करने के लिए वह भी कुछ बोल देते हैं। विपक्ष के नेता ने लालू प्रसाद के दरवाजा खोलने वाले वक्तव्य को नकारते हुए कहा कि नया साल में राज्य में नई सरकार बनेगी। 20 साल बहुत होता है। किसी खेत में एक ही ब्रांड का बीज लंबे समय तक दें तो जमीन खराब होती है। फसल भी नहीं होती है। हम मुख्यमंत्री को मीडिया के माध्यम से नए साल की बधाई देते हैं। साथ में यह भी कह रहे हैं कि उनकी सत्ता जा रही है। बता दें कि सियासी गलियारों में यह भी चर्चा चल रही थी कि नीतिश कुमार भाजपा से नाराज हैं। इसके बाद एक और अटकलें निकली थी कि नीतीश कुमार दिल्ली गए थे तो बीजेपी के कोई नेता उनसे नहीं मिले। ऐसे में अब लालू और तेजस्वी के बयान भी सामने आ रहे हैं। आने वाले दिनों में सियासी घमासान मच सकता है। अब नीतीश कुमार के फैसले पर सभी की नजर बनी हुई है।



## उपचुनावों में हार से डरा है राजदः सम्राट

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि-2024 के लोकसभा चुनाव और विधान सभा उपचुनावों में राजद की करारी हार से डरे लालू प्रसाद सत्ता में वापसी का जो सपना देख रहे , वह कभी सच नहीं होने वाला है। सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अच्छी तरह जानते हैं कि लालू प्रसाद ने गरीबों के नाम पर वोट लेकर बिहार को किस तरह लूटा। चारा घोटाला में सजायाफ्ता राजद प्रमुख अब रेलवे की नौकरी के बदले जमीन लेने के मामले में अभियुक्त हैं। चौधरी ने कहा कि हताश लालू प्रसाद कभी नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर ओछी टिप्पणी करते हैं और कभी उन्हें राजद से हाथ मिलाने का न्योता देते हैं। उन्होंने कहा कि त परिवार में लालू प्रसाद एकमात्र नेता हैं। बाकी लोग उन्हीं को पकड़ कर आगे बढना चाहते हैं।

## अवैध खनन की सूचना देने वाले 24 योद्धा हुये सम्मानित

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई में सहयोग करने वाले बिहारी योद्धाओं को पुरस्कृत किया है। मुख्यमंत्री ने 1, अण्णे मार्ग स्थित संकल्प में अवैध खनन कर राजस्व चोरी करने वाले खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में सहयोग करने वाले बिहारी योद्धाओं के सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्मानित होने वाले 24 बिहारी खनन योद्धाओं के खाते में माऊस क्लिक कर पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली राशि हस्तांतरित की। अवैध खनन कर राजस्व चोरी करने वाले खनन माफियाओं की सूचना देने वाले को यह राशि प्रदान की जा रही है। इसके तहत ट्रैक्टर की सूचना देने वाले योद्धाओं को 5 हजार और ट्रक की सूचना देने वाले योद्धाओं को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि सम्मान स्वरूप दी जा रही है।

